# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 10 अगस्त 2023 । वर्ष –67 । अंक –276 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00

■ संसद में भारत माता की... ■ बिल्कस बानो से राखी... 04
■ इमरान को जेल भेजा, शहबाज शरीफ भी... ■ ईरान और तालिबान के बीच होगा दुनिया का... 09
■ चावल-दाल के बाद अब आटे की महंगाई... ■ अब घटने लगे टमाटर के भाव, आगे और ... 11
■ वर्ल्डकप का नया शेड्यूल... ■ वर्ल्डकप के टिकट... 10

## लाड़ली बहनों के खाते में शिवराज आज जमा करेंगे मासिक सहायता राशि



### रीवा में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, सभी वार्ड और पंचायतें वर्चुअली जुड़ेंगी

### मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जन-कल्याण और विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित कार्यक्रमों और योजनाओं का प्रदेश की जनता पर व्यापक सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। बड़ी संख्या में प्रदेशवासी इन योजनाओं और कार्यक्रमों से जुड़े हैं। रीवा में 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरित की जाएगी।

इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी जिलों की ग्राम पंचायतें और वार्ड वर्चुअली जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 10 अगस्त को रीवा में होने जा रहे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम के लिए जिलों में जारी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त तथा कलेक्टर्स बैठक से वर्चुअली जुड़े।

**लाड़ली बहना सेना निभाएंगी सक्रिय भूमिका**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक ग्राम और वार्ड में बनी लाड़ली बहना सेना की बहनों की शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। महिला सशक्तिकरण में यह सेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में समर्थ है।

ग्राम पंचायतों और वार्डों में 10 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित रंगोली, लोकगीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक और अन्य स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर राशि अंतरण के पल को उत्सव के रूप में मनाया जाए।

## अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में बोले राहुल, भाजपा महिला सांसदों ने फ्लाइंग किस पर की अध्यक्ष से शिकायत

# 'मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई'

## स्मृति ईरानी बोलीं–आप इंडिया नहीं हैं





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले वक्ता के रूप में अपने तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा, भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है।

आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है। उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा, आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें।

**मोदी अडानी के चित्र भी दिखाए**–श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, 'रावण केवल दो लोगों मेघनाद और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं।' इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाए।

श्री गांधी ने कहा, लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो। ' मंगलवार को शुरू हुई चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा की भीवत्स घटनायें हुई हैं। वहां एक दिन में शांति लायी जा सकती है, सेना को तैनात कर दिया जाए तो स्थिति सामान्य करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, लेकिन आप सेना को तैनात नहीं करते। श्री गांधी मणिपुर के अपने दौरे के अनुभव सुनाते हुए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि वह वहां एक बार भी नहीं गए।

**भाजपा के साथी डरें नहीं, अडानी पर नहीं बोलूंगा**–राहुल ने कहा कि आज जो मेरे भाजपा के मित्र हैं। आज आपको डरने की जरूरत नहीं है। अडानी जी पर नहीं बोलने जा रहा हूं। आप शांत रह सकते हैं। मेरा भाषण आज दूसरी डायरेक्शन में जा रहा है। रूमी ने कहा था कि जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। आज मैं दिमाग से नहीं बोलना चाहता, आज मैं दिल से बोलूंगा। मैं आज आप लोगों पर इतना आक्रमण नहीं करूंगा। एक-दो गोले जरूर मारूंगा। आप रिलैक्स कर सकते हैं।

### कांग्रेस नेता ने अपने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों का भी किया जिक्र

राहुल के भाषण के जवाब में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोलीं कि- राहुल भारत माता की हत्या की बात करते हैं। कांग्रेस ताली बजाती है। ये इस बात का संकेत है कि मन में गद्दारी किसके है। स्मृति ईरानी ने कहा कि आप इंडिया नहीं हैं। पहली बार राष्ट्र के इतिहास में भारत मां की हत्या की बात की। मैं आज हिंदुस्तानी होने के नाते कहती हूं, मणिपुर खंडित-विभाजित नहीं है, मेरे देश का अंग है।

राहुल गांधी को लेकर एक नया विवाद भी हो गया। स्मृति ने राहुल गांधी पर महिला सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। भाजपा ने इसकी शिकायत स्पीकर से की है। बाद में भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र देकर राहुल की शिकायत दर्ज कराई।

## सबसे ज्यादा दंगे कांग्रेस के कार्यकाल में हुए : शाह



अविश्वास प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में सबसे ज्यादा धार्मिक और नस्लीय दंगे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए।

उन्होंने राहुल गांधी पर मणिपुर में जाकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। अमित शाह ने मणिपुर में नस्लीय हिंसा के इतिहास का जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया कि 1993 और 1997 में मणिपुर में इससे भी भयानक हिंसा हुई थी। लेकिन, उस समय एक बार सदन में इस पर चर्चा भी नहीं हुई और एक बार चर्चा हुई तो जवाब गृह राज्य मंत्री की तरफ से दिया गया। लेकिन, आज विपक्ष प्रधानमंत्री के जवाब की मांग कर सदन को कई दिनों से चलने नहीं दे रहा है।

### सरकार ने किया स्पष्ट

## केंद्रीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि- केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र में बदलाव का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई बिल पेश करने को लेकर बातचीत नहीं चल रही है।

लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि सेवा नियमों के विभिन्न प्रावधानों के तहत पिछले तीन वर्षों में 122 सरकारी अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है। सदन में केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु में बदलाव का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

## चन्द्रमा की सतह के नजदीक पहुंच गया चन्द्रयान

### अब 174 × 1437 किलोमीटर वाली छोटी अंडाकार कक्षा में घूम रहा



**श्रीहरिकोटा।** चन्द्रयान-3 को चंद्रमा की तीसरी ऑर्बिट में पहुंच गया है। इसरो ने जानकारी दी कि चंद्रयान-3 कक्षा के और भीतर, चंद्रमा की सतह के नजदीक पहुंच गया है।

चंद्रयान अब 174 केएम × 1437 किलोमीटर वाली छोटी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है। इसरो ने 9 अगस्त की दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर ऑर्बिट में बदलाव किया। चंद्रयान-3 के थ्रस्टर्स को ऑन किया गया है। इससे पहले 5 अगस्त 2023 को जब चंद्रयान-3 चंद्रमा की पहली कक्षा में पहुंचा था तब उसने चांद की पहली तस्वीरें जारी की थीं। अगला ऑपरेशन 14 अगस्त 2023 को 11.30 से 12.30 बजे के बीच किया जाएगा।

इसके बाद 17 अगस्त को चंद्रयान 3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग हो जाएंगे। इसके बाद डी-ऑर्बिटिंग की कवायद शुरू की जाएगी।

18 से 20 अगस्त के बीच डीऑर्बिटिंग होगी यानी चांद की ऑर्बिट की दूरी को कम किया जाएगा। 23 अगस्त की शाम को करीब 5.47 बजे चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग कराई जाएगी।

### फिर अदालत पहुंचा ज्ञानवापी का मामला

## मुस्लिम पक्ष ने कहा- भ्रामक प्रचार से प्रभावित होगी लोगों की राय

**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने लगातार वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे जारी रखा। इस बीच मुस्लिम याचिकाकर्ताओं ने जिला अदालत के न्यायाधीश के सामने एक आवेदन दायर कर सर्वेक्षण के मीडिया कवरेज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने याचिका में कहा है कि एएसआई सर्वेक्षण अदालत के आदेश के मुताबिक चल रहा है और किसी भी अधिकारी द्वारा कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। लेकिन सोशल मीडिया, टेलीविजन और समाचार पत्रों पर सर्वेक्षण की लगातार कवरेज हो रही है। सर्वेक्षण की मीडिया कवरेज को 'भ्रामक' बताते हुए मुस्लिम पक्ष ने कहा कि इससे लोगों की राय प्रभावित होगी और इसे रोका जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुस्लिम पक्ष के वकील अखलाक अहमद ने कहा कि एएसआई के सर्वे की किसी भी तरह की बात बाहर आना सही नहीं है।

### मीडिया कवरेज पर रोक की मांग

**सर्वे के छठे दिन क्या हुआ?** -सर्वेक्षण में एएसआई ने ज्ञानवापी परिसर के गुंबदों और तहखाने और उत्तरी दीवारों का भी सर्वेक्षण किया। एएसआई टीम 3-डी इमेजिंग उपकरणों सहित मशीनों के साथ सर्वे में जुटी है। परिसर की फोटोग्राफी भी की जा रही है। अधिवक्ताओं और वादी पक्ष को एएसआई सर्वेक्षण के बारे में चुप रहने का निर्देश दिया गया है। सर्वे के दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग भी मौजूद रहे। एक सरकारी वकील ने समाचार एक एजेंसी को बताया कि टीम ने खुद को तीन ग्रुप्स में विभाजित किया गया है और परिसर की उत्तरी दीवार, गुंबद और बेसमेंट का सर्वेक्षण किया गया है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-रजिस्ट्रार बेहोश हुए तो जज ने फैसला बदल दिया।

**चुहिया- हां प्रिये**- ऊपर वाले की अदालत से कौन नहीं डरता ?

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

## बच्चों की देखभाल के लिए महिला और सिंगल पुरुष कर्मचारी को मिलेगी 730 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने लोकसभा में बताया कि महिला या सिंगल पुरुष सरकारी कर्मचारी को अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए छुट्टी लेने का अधिकार है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि महिला और सिंगल पुरुष सरकारी कर्मचारी अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए 730 दिनों तक के लिए छुट्टी ले सकते हैं। संघ के मामलों के संबंध में सिविल सेवाओं और पदों पर नियुक्त महिला सरकारी कर्मचारी और सिंगल पुरुष सरकारी कर्मचारी, केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के नियम 43-सी के तहत बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल) के लिए पात्र हैं।

### कैग ने किया खुलासा

## आयुष्मान भारत योजना में हुआ बड़ा गड़बड़झाला

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत में बड़ा घपला-घोटाला सामने आया है। इसका खुलासा कैग (कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल) की रिपोर्ट में हुआ है। पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली इस योजना के तहत न केवल एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का पंजीकरण किया गया है, बल्कि तमाम मृतक लोगों का भी इलाज कर राशि उठा ली गई है।

कैग ने लोकसभा में अपनी रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पैसा गमन करने के लिए मर चुके लोगों का इलाज भी रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यही नहीं तकरीबन साढ़े सात लाख लाभार्थियों का पंजीकरण एक ही मोबाइल नम्बर(9999999999) से किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिस मोबाइल नम्बर से साढ़े सात लोगों का पंजीकरण किया गया है,उस नम्बर का कोई सिम कार्ड ही नहीं है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का किया पंजीकरण

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



### रोचक | शिवलिंग हटाने का फैसला लिखते ही असिस्टेंट रजिस्ट्रार हुए बेहोश..

# ..तो जज ने बदल दिया फैसला

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट में एक केस का फैसला लिखवाए जाने के दौरान अजीबोगरीब घटना हुई। इससे खलबली मच गई। मामला ऐसा था कि जज को अपना फैसला तक बदलना पड़ गया। एक विवादित भूमि पर स्थापित शिवलिंग को हटाए जाने के कोर्ट के फैसले को लिखवाने के दौरान असिस्टेंट रजिस्ट्रार अचानक बेहोश हो गये। उनकी यह दशा देख जज भी अचंभित हो गये और उन्होंने अपना फैसला ही बदल दिया। जज ने बदले हुए फैसले में मामले को निचली अदालत में सिविल केस की तरह सुनवाई का निर्देश दिया।

**पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका**–बंगाल के मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में खिदिरपुर के दो लोगों सुदीप पाल और गोविंद मंडल के बीच भूमि विवाद चल रहा था। मई 2022 में इसको लेकर उनमें मारपीट तक हुई थी। सुदीप पाल का आरोप है कि गोविंद ने भूमि पर रातों-रात शिवलिंग स्थापित कर दी। सुदीप ने इसके बारे में थाने में शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर सुदीप हाईकोर्ट पहुंच गये।



### जमीन के विवाद पर कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचा था मामला

### आदेश- निचली अदालत में सिविल केस की तरह सुनवाई हो

उनके वकील ने कोर्ट में बताया कि विवादित भूमि पर जानबूझकर शिवलिंग स्थापित की गई है। जबकि गोविंद के वकील ने कहा कि- शिवलिंग स्वत: ही भूमि से निकला है।

बहरहाल इस मामले में सुनवाई करने के बाद जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने आदेश दिया कि शिवलिंग को विवादित भूमि से हटा दिया जाय। इस फैसले को जब असिस्टेंट रजिस्ट्रार विश्वनाथ राय लिखवाने लगे तो वे बेहोश होकर गिर पड़े। यह हाल देख जज ने फैसले को ही बदल दिया और निर्देश दिया कि इस मामले पर निचली अदालत में सिविल केस की तरह सुनवाई हो।

# देश-विदेश

## देश के कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश के राज्य उत्तराखंड, बिहार, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान छिटपुट से भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम रिपोर्ट के अनुसार अगले एक सप्ताह के दौरान देश के बाकी हिस्सों में भी बारिश होने का अनुमान है। उत्तर-पूर्वी बिहार और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में चक्रवात की स्थिति बानी हुई है। मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति के साथ उत्तर में स्थित है। इसके अपनी सामान्य स्थिति के साथ अगले चार से पांच दिनों के दौरान हिमालय की तलहटी में होने के अनुमान है। मौसम विभाग ने 10 अगस्त को उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी करके लोगों को सुरक्षित रहने की चेतावनी दी है और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

## म्यांमार बांग्लादेश शरणार्थियों मणिपुर के हजारों बच्चों ने मिजोरम के स्कूलों में लिया दाखिला : शिक्षा मंत्री

**आइजोल ( मणिपुर ), एजेंसी।** म्यांमार और बांग्लादेश के शरणार्थियों और संघर्षग्रस्त मणिपुर के आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के 8,000 से अधिक बच्चे मिजोरम के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसकी जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री लालचंदामा राल्ते ने दी।

उन्होंने कहा कि 8,119 बच्चों में से 6,366 छात्र म्यांमार से, 250 बांग्लादेश से और 1,503 मणिपुर से हैं। राल्टे ने कहा कि छात्रों को स्थानीय विद्यार्थियों की तरह मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ मध्याह्न भोजन भी मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मिजोरम सरकार इन बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो (ज़ो जनजातियों) से हैं। राल्ते ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि मिजोरम सरकार दुनिया भर की ज़ो जनजातियों को एक मानती है। यह सिद्धांत हमारे शिक्षा क्षेत्र में भी परिलक्षित होता है। हमारी सरकार न केवल जरूरतमंदों को आश्रय बल्कि शिक्षा भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि 44 शरणार्थी बच्चों ने 2022 में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए पंजीकरण कराया था और उनमें से 31 इसमें

### मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ मध्याह्न भोजन भी मिल रहा

शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि 31 छात्रों में से 28 ने 90.32 प्रतिशत के साथ बोर्ड परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। मंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान सरकारी स्कूलों में नामांकन लगातार बढ़ा है, जो सरकार द्वारा संचालित संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि 2019-20 शैक्षणिक सत्र में छात्रों का कुल नामांकन 1,15,005 था, जो 2020-21 में बढ़कर 1,19,133 हो गया और 2021-22 शैक्षणिक वर्ष में बढ़कर 1,28,927 हो गया।

उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में मिज़ो भाषा सीखने को शामिल करने को प्राथमिकता देने के प्रयास चल रहे हैं। म्यांमार और बांग्लादेश से कुकी-चिन समुदाय के हजारों शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है। फरवरी 2021 में पड़ोसी देश में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के नागरिक, ज्यादातर चिन राज्य से, मिजोरम भाग गए, जबकि बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) से शरण चाहने वाले पिछले दिनों एक जातीय विद्रोही समूह के खिलाफ सैन्य हमले के बाद राज्य में आए थे। मई में मेइतीस के साथ जातीय हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर से भागे कुकी आईडीपी ने मिजोरम में शरण ली है।

### गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में दी जानकारी

## जम्मू-कश्मीर में 5 साल में हुए 761 आतंकी हमले

- इस दौरान मारे गए कुल 174 नागरिक
- 5 साल में 308 सुरक्षाकर्मी हुए शहीद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में आतंकवादी घटनाओं पर बड़ी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के भीतरी इलाकों में पांच आतंकवादी घटनाएं हुई और तीन नागरिकों की मौत हुई है। इन घटनाओं में कोई सशस्त्र बल का सिपाही हताहत नहीं हुआ है और एक आतंकवादी मारा गया। साथ ही केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। इसलिए, आतंकी हमलों में हताहतों का सवाल ही नहीं उठता।

2018 और 2022 के बीच पिछले पांच वर्षों में पूर्ववर्ती राज्य में 761 आतंकी हमलों में जम्मू-कश्मीर में कुल 174 नागरिक मारे गए। साथ ही इस दौरान 626 मुठभेड़ों में केंद्र शासित प्रदेश में 35 नागरिक मारे गए। इसी अवधि के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 308 रही और सुरक्षा बलों ने 1002 आतंकवादियों को मार गिराया।

### केंद्रीय सशस्त्र बलों में 84866 पद खाली

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफएस-बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ) और असम राइफल्स (एआर) ने एक जनवरी 2023 तक 10,05,520 स्वीकृत पदों के मुकाबले अपने रैंक में कुल 84,866 रिक्तियां बताई हैं।

अक्तूबर, 2022 से जुलाई, 2023 तक मिशन भर्ती के तहत अब तक 36,521 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया है।

आगे उन्होंने बताया कि देश में एनडीआरएफ को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने एनडीआरएफ की चार अतिरिक्त बटालियनों की स्थापना को मंजूरी दी थी, जिससे एनडीआरएफ बटालियनों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई है।


### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता आरक्षक 186, प्रकाश सिंह तेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) उम्र लगभग 41 वर्ष पिता श्री प्रहलाद सिंह तेकाम निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, महाराजपुर, आधारताल, जिला जबलपुर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता है, मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ, मैं छटवीं बटालियन, विसबल, रांझी, जबलपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम प्रकाश सिंह टेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) दर्ज है, जिसे हिन्दी में मेरा सरनेम टेकाम में ते के स्थान पर टे दर्ज है, मेरे आधारकार्ड (4026 1156 0457) एवं पेन कार्ड (CQKPS4057F) में मेरा नाम प्रकाश सिंह तेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) दर्ज है जो कि सत्य व सही है, प्रकाश सिंह टेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) एवं प्रकाश सिंह तेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) ये दोनो नाम मेरे ही है, किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा पूरा व सही नाम प्रकाश सिंह तेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) दर्ज किया जाये। भविष्य में मुझ शपथकर्ता को प्रकाश सिंह तेकाम (PRAKASH SINGH TEKAM) पिता श्री प्रहलाद सिंह तेकाम के नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जाये।


## पति ने 12 सालों तक रखा कैद, बिना कपड़ों के मिली महिला, सिर पर नहीं थे बाल, टूटी थीं हड्डियां

**फोरबैक।** एक महिला के साथ उसका पति 12 सालों से अत्याचार करता रहा। उसने महिला को 12 सालों तक अपार्टमेंट के बेडरूम में कैद करके रखा। अब पुलिस ने उसे आजाद कराया है। महिला की हालत दयनीय है। जब पुलिस पहुंची को महिला अपार्टमेंट के बेडरूम में थी। बेडरूम को तार से लॉक किया गया था। महिला के शरीर पर कपड़े नहीं थे। वह बीमार थी। उसे काफी चोटें आई थीं। यहां तक कि उसके सिर पर बाल भी नहीं थे। उसे पति ने गंजा कर दिया था।

यह घटना पूर्वी फ्रांस के फोरबैक की है। यह जगह जर्मनी बॉर्डर के पास है। मामले में फ्रांस पुलिस ने कहा कि उन्होंने जर्मनी के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसने पत्नी को कैद करके रखा था। पत्नी को उससे आजाद कराया गया है। पुलिस के अनुसार, महिला भी जर्मनी की रहने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पुलिस महिला को आजाद कराने के लिए शख्स के अपार्टमेंट पर पहुंची तो देखा कि वह बिना कपड़ों के थी। उसकी हालत काफी खराब थी।

उसकी हड्डियां भी टूटी हुई हैं। दावा किया जा रहा है कि महिला का पति उसे टॉर्चर करता था। वह उसकी बात का हिसाब रखता था। इसके लिए उसने एक डायरी बनाई थी। जिस पर वह महिला की हर बात का रिकॉर्ड रखता था। वह डायरी में लिखता था कि महिला ने कब खाना खाया। पुलिस के अनुसार, महिला की उम्र 53 साल की है। उसके बेडरूम को बंद रखने के लिए मेटल की तारें लपेटी गई थीं।

### वकीलों से इमरान की अपील

## कीड़े-मकोड़ों से भरी है जेल की कोठरी, मुझे बाहर निकालो



**इस्लामाबाद।** एक समय था जब लाखों लोग इमरान खान का सजदा करते थे, लेकिन अब पाकिस्तान का ये पूर्व प्रधानमंत्री जेल की काल कोठरी में बंद है जो कीड़े-मकौड़ों से भरी है।

स्टार क्रिकेटर से पाकिस्तान के सबसे फेमस राजनेता बने इमरान खान ने भ्रष्टाचार की बेड़ियों को तोड़ने का वादा किया था लेकिन अब खुद उसी के चुंगल में फंसे हैं। भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने और तीन साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को शनिवार को लाहौर शहर में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। राजधानी इस्लामाबाद से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में एक खचाखच भरी जेल में इमरान रातें गुजार रहे हैं। मक्खियों से भरी जेल की कोठरी में बैठे इमरान खान बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया।

इमरान खान ने अपने वकीलों से कहा है कि उन्हें अटक जेल से बाहर निकाला जाए क्योंकि वह ऐसी कोठरी में नहीं रहना चाहते जहां दिन में मक्खियां और रात में कीड़े-मकौड़े भरे रहते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अयुष्मान भारत योजना.....

इसके अलावा एक लाख उनतालीस हजार तीन सौ लोगों का पंजीकरण एक दूसरे नम्बर(8888888888) से किया गया है, जबकि छानबे हजार छियालीस लोगों का पंजीकरण मोबाइल नम्बर(9000000000) से किया गया है। इसके अलावा ऐसे ही करीब बीस नम्बर और भी सामने आए हैं,जिनसे दस हजार से लेकर पचास हजार लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस योजना के तहत इलाज करा रहे कई रोगियों को पहले मरा हुआ दिखाया गया था। लेकिन उसके बाद भी योजना राशि उठाने के लिए उनका इलाज चलता रहा। कैग ने ऐसे मरीजों को डेटा जुटाकर बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के दौरान 88760 मरीजों की मौत हुई। 224923 दावों को सिस्टम में भुगतान के रूप में दिखाया गया। इसमें 3446 मरीजों को 6.97 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। **पांच राज्यों में सर्वाधिक गड़गड़ी**-रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्वाधिक गड़बड़ियों वाले राज्यों में छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश पांच प्रमुख राज्य शामिल हैं।


## कार्यालय नगर परिषद् राहतगढ़, जिला सागर (म.प्र.)

www.nprahatgarh.in E-Mail-cmorahatgarh@mpurban.gov.in Fax & Phone No. 07584-254519

क्रं. /1038 / न.प. / 2023 राहतगढ़ दिनांक 09.08.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीयन ठेकेदारों से ऑनलाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| जा.क्रं. | टेण्डर क्रं./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1038 | 2023_UAD_298067_1 DATE-09.08.2023 | नगरीय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक विभिन्न स्थानों पर हाफ राउंड पाईप (नाली) स्थापना कार्य । (द्वितीय सूचना ) | 1 - 06 माह 2-1981626/- | 1-2000/- 2-14862/- | 11.09.2023 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**( प्रियंका गोलू राय )**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद राहतगढ़**

**( आर.सी. अहिरवार )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद राहतगढ**


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### शैक्षणिक दस्तावेज गुम की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुंतल मुखोपाध्याय, पिता श्री प्रभात मुखोपाध्याय, उम्र 51 वर्ष, निवासी जुन्नारदेव, तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ यह कि मेरे द्वारा एम.ए. सामाजशस्त्र फाइनल, डॉ हरिसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर की डिग्री 03/08/2023 को बाजार क्षेत्र जुन्नारदेव में गुम हो गई है जिस किसी भी सज्जन को मिले वह मुझसे मेरे स्थाई पते वार्ड क्रमांक 13 पेट्रोल पंप के पीछे जुन्नारदेव एवं मोबाइल नंबर 79999825841 संपर्क करें।

### कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर

Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in)
फोन 761-2676199 फैक्स 263399

क्रमांक 6वी बटा/बिसब / जबल / साअ/B/4214/2023 दिनांक 28/07/2023

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003 मुख्य शीर्ष 2055 पुलिस 00-104-9999-4492-V-32-000 लघु निर्माण मद में इकाई को आवंटित बजट राशि रू 685000/- के अन्तर्गत ठेके से स्टीमेट के अनुसार वाहिनी जिमनेशियम हॉल में फालसिलिंग प्रोफाइलशीट एवं मिरर (कॉच) का कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है।

**दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

G-18059/23

**सेनानी**
**6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**

### नाम परिवर्तन

मैं गिरीश गौतम-पिता टेकचंद गौतम उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी क्यू नं. 94 म.क्र. 1119, गौतम तिराहा पंडित द्वारका प्रसाद मिश्रा वार्ड लालमाटी जबलपुर म.प्र. 482001 यह कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम गिरीश कुमार गौतम पिता टेकचंद गौतम के स्थान पर गिरीश गौतम पिता-टेकचंद गौतम नाम दर्ज किया जावे एवं इसी नाम से पढ़ा लिखा एवं जाना पहचाना जावे।

नया नाम- गिरीश गौतम (वर्तमान नाम)
पुराना नाम- गिरीश कुमार गौतम (पुराना नाम)

र.नं. 903

### In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
**विश्वेश्वरी मिश्रा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

**(MJC SUC/0000096/2023)**

**दिनेश कुमार उसरेठे...... आवेदक**
**Vs**
**शाखा प्रबंधक .......अनावेदक**

**Process Id**- 2023
पेशी दि.:-27/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार उसरेठे पता- म.नं. 252, गणेश चौक कटरा, अधारताल, जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश) ने मृतक तपन कुमार गोस्वामी निवासी- बिलहरी, जबलपुर (मध्यप्रदेश) की पंजाब नेशनल बैंक, शाखा महात्मा गांधी अधारताल में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 सितम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 सितम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 07 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**
**जिला जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. -931

### In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
**अरूण प्रताप सिंह**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(MJC GW/0000040/2023)**

पवन बावरिया ...वादी
**Vs**
म.प्र. शासन ...प्रतिवादी

**Process Id**-/ 2023
पेशी दि.:-04/09/2023

प्रेषिती-
**(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी पवन बावरिया ने आपके विरूद्ध एमजेसीजेडब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते नाबालिग की भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने बावत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 05 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**टिप्पणी** - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते नाबालिग की भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने बावद की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(अरूण प्रताप सिंह)**
**जिला न्यायाधीश सोलहवें**
**जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 930

### In The Court of XIX Additional District and Session Judge Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Jabalpur

presiding Officer:
**अरूण कुमार सिंह**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(MACC /0700321/2014)**

**श्रीमती गीता बाई.....वादी**
**Vs**
**किशोर कुमार कुर्वेती....प्रतिवादी**

**Process Id**-2023
पेशी दि.:-29/08/2023

प्रेषिती-
(1) किशोर कुमार कुरबेरती पिता मंगल सिंह कुरबेरती पता-पता फैमिली हेल्थ सेन्टर घन्सौर जिला सिवनी (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी श्रीमती गीता बाई ने आपके विरूद्ध एमएसीसी आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(अरूण कुमार सिंह)**
**सदस्य उन्नीसने अति. मो.दु.दावा अधि.**
**जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 929

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-18/2023-24 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 03.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | निविदा आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB_296582_1 | द्वितीय आमंत्रण | छतैनी से बृजपुर मार्ग लंबाई 6.30 कि.मी. निर्माण कार्य। | पन्ना | 677.81 | 677810.00 | 20000.00 | 08 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 05.08.2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 21.08.2023 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-18024/23 **दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

**मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

## इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**अंचल कार्यालयः जय स्तंभ चौक, सतना**
**फोन नं.: 07672 - 414418, 414406**

### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **"जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के"** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः **(1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com** पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छतरपुर | ऋणी- 1. मेसर्स पायल ढाबा (प्रोप्रा. श्री राजमनि पाण्डे), सागर रोड, बगौता, छतरपुर (म.प्र.) प्राप्राईटर/ बंधककर्ता- 2. श्री राजमनि पाण्डे पिता स्व. श्री शैलेन्द्र पाण्डे, सागर रोड, बगौता, छतरपुर (म.प्र.) | सम्पत्ति के सभी भू-भाग खुली भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्री राजमनि पाण्डे, स्थित अराजी खसरा नं.- 832/9, एरिया- 5000 वर्गफुट (पूर्व से पश्चिम- 50 फुट एवं उत्तर से दक्षिण- 100 फुट), मौजा- धदारी, प.ह.नं. 52, आर.आई. सर्किल- छतरपुर, तहसील एवं जिला- छतरपुर (म.प्र.)। चतुर्सीमाः उत्तर- प्रस्तावित रोड, दक्षिण- रामचरण की भूमि, पूर्व- रामचरण की भूमि, पश्चिम- रामचरण की भूमि। Property ID No. IDIB50102945480 | 31-07-2015 17-11-2015 Rs. 15,64,428/- + ब्याज 22.03.2015 से एवं अन्य खर्च | Rs. 6,28,000/- Rs. 62,800/- Rs. 20,000/- दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 2 | सोहावल | ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार- 1. श्री गौरव प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह, मकान नं.- 6, लोट्स सिटी, सोहावल, सतना (म.प्र.)- 485001 जमानतदार- 2. श्री सौरभ प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह, मकान नं.- 6, लोट्स सिटी, सोहावल, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं डबल स्टोरी बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्री गौरव प्रताप सिंह पिता श्री बलवंत सिंह, स्थित अराजी नं.- 2/1/क/2/3, कुल एरिया- 3000 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण- 50 फुट एवं पूर्व से पश्चिम- 60 फुट), मझबोगवां (सांई लोट्स सिटी), प्लाट नं. 6, प.ह.नं.- 95 नया 21, रा.नि.मं. एवं विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना। चतुर्सीमाः उत्तर- प्लाट नं. 05, दक्षिण- प्लाट नं. 07, पूर्व- रास्ता, पश्चिम- प्लाट नं. 16 बी Property ID No. IDIB50299752399 | 25-07-2022 17-01-2023 Rs. 38,35,142/- + ब्याज 25.07.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 58,87,000/- Rs. 5,88,700/- Rs. 25,000/- दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 3 | वैढ़न | ऋणी- 1. मेसर्स माँ जगदम्बा स्टोन (प्रोप्रा. श्री नरेश प्रसाद गुप्ता), ग्राम- करामी, पोस्ट- मकरोहर, तहसील- मादा, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 2. श्री नरेश प्रसाद गुप्ता (प्रोप्रा. मेसर्स माँ जगदम्बा स्टोन) पिता श्री खुरचू गुप्ता, डी.ए.वी. स्कूल के पास, वैढ़न, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 3. श्रीमति किरण देवी पत्नि श्री नरेश प्रसाद गुप्ता, डी.ए.वी. स्कूल के पास, वैढ़न, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री नरेश प्रसाद गुप्ता, स्थित भूमि खसरा नं. 315/673, एरिया- 1.680 हेक्टे., स्थित ग्राम- करामी, पोस्ट- मकरोहर, तहसील- मादा, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886, चतुर्सीमा- उत्तर- सोमारू सिंह की भूमि, दक्षिण- रघुनाथ सिंह की भूमि, पूर्व- भोला सिंह की भूमि, पश्चिम- शंकर सिंह की भूमि। Property ID No. IDIB50094810413 | 17-06-2022 15-11-2022 Rs. 67,75,048/- + ब्याज 17.06.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 35,00,000/- Rs. 3,50,000/- Rs. 25,000/- दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री नरेश प्रसाद गुप्ता, भूमि खसरा नं. 126 एवं 127, एरिया 1.690 हेक्टे. ग्राम- करामी, पोस्ट- मकरोहर, तहसील- मादा, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886, चतुर्सीमा- उत्तर- ज्ञान सिंह की भूमि, दक्षिण- म.प्र. शासन की भूमि, पूर्व- बृज कुमार सिंह की भूमि, पश्चिम- शिव बहोरन सिंह की भूमि Property ID No. IDIB50449393690 | | Rs. 32,00,000/- Rs. 3,20,000/- Rs. 25,000/- दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 25/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

**दिनांकः 10/08/2023, स्थान- सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

# देश-प्रदेश

उवाच

## राहुल के आक्रामक भाषण पर स्मृति ईरानी ने किया सेल्फ गोल : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में पार्टी नेता राहुल गांधी के आक्रामक भाषण पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सेल्फ गोल कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी का भाषण पूरी तरह से इस बात पर केंद्रित था कि तुम्हारें यहां तो ये हुआ है, वो हुआ है। यह परोक्ष रूप से केंद्र सरकार की विफलताओं के विपक्ष के दावों का समर्थन करता था। पार्टी नेता राहुल गांधी के भाषण की सराहना करते हुए थरूर ने एक ट्वीट में कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में राहुल गांधी का जोरदार भाषण और उसके बाद लोकसभा में जीवंत दृश्य।

# दो करोड़ वार्षिक व्यवसाय वाले टोल नाकों के संचालन की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को : शिवराज



## विकास पर्व में अनूपपुर जिले को मिली अनेक सौगातें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनूपपुर जिले के जनजातीय बाहुल्य विधानसभा पुष्पराजगढ़ के ग्राम पोडकी में खटिया चौपाल में जन संवाद किया। ग्रामीण जन, बैगा समुदाय के लोग, लाडली बहनें तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सेना के सदस्य, स्व-सहायता समूह की महिलायें, ग्रामीण पेशा मोबलाइजर, जन सेवा मित्रों तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री के ग्राम पोड़की पहुंचने पर गर्मजोशी से ग्रामीणों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कलाकारों के साथ नृत्य किया। श्री चौहान ने लाड़ली बहनों एवं लाड़ली सेना के सदस्यों से बात करते हुए कहा कि लाडली बहना योजना बनाने के पीछे मंशा यह थी कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा वे अपनी छोटी मोटी जरूरतों की पूर्ति कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर महिला को आजीविका स्व-सहायता समूह से जोड़ने का अभियान चला रखा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के ऐसे टोल नाके जिनकी वार्षिक व्यवसाय दो करोड़ रुपये है संचालन की जिम्मेदारी सौपी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अनूपपुर में विकास पर्व कार्यक्रम में जिले को अनेक सौगातें दीं और उनके जनदर्शन कार्यक्रम में भी भारी भीड़ उमड़ी।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं तथा ऐसे परिवार जिनके पास ट्रेक्टर है को भी मिल सकेगा। सभी महिलाएं सम्मान के साथ जिंदगी बिताये यही मेरा लक्ष्य है। इस अवसर पर लाड़ली बहना सेना के सदस्यों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करे।

कार्यक्रम में लाडली बहना सेना की सदस्य सरिता सिंह,रुक्मणि बाई, लष्मी बाई ने लाड़ली बहना योजना की राशि का उपयोग खेती के काम में,बच्चों की पढ़ाई, सिलाई मशीन खरीदकर सिलाई का काम शुरू करने के बात कही। स्व-सहायता समूह की ओर से लल्ली बाई श्याम ग्राम अमगवा ने बताया कि वह स्व सहायता समूह से कर्ज लेकर पहले किराना की दुकान, फिर मनिहारी की दुकान, फिर मुख्यमंत्री स्व रोजगार योजना का लाभ लेकर बुलेरो पिकअप खरीदी। अब 50 हजार की मासिक आय प्राप्त कर रही है।

### विद्युत गृह की नवीन सुपर क्रिटिकल इकाई का शिलान्यास

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व के अंतर्गत अनूपपुर में 5600 करोड़ रुपए लागत की 660 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह की नवीन सुपर क्रिटिकल इकाई का शिलान्यास किया। यह इकाई अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की विस्तार इकाई है। आज अनूपपुर जिले को अनेक सौगातें मिलीं।

### जनजातीय बाहुल्य पोडकी गांव में किया जन संवाद

30 अगस्त तक होंगे आयोजन

## 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू, वीरों को देंगे श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान घोषित मेरी माटी मेरा देश अभियान आज से पूरे देश में शुरू हो गया है। इसके लिए आज से पूरे देश में प्रारंभ हो गया है, इसके तहत आज से 30 अगस्त तक गांव और ब्लॉक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पत्र सूचना कार्यालय (पीईबी) भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो की प्रदेश की विभिन्न इकाईयों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा इंदौर में 22 से 24 अगस्त और रायसेन में 23 से 25 अगसत तक एकीकृत संचार आउटरीजच कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

श्री पाठराबे ने बताया कि 16 अगस्त 23 से ब्लॉक, नगर पालिका निगम और राज्य स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। अभियान का समापन समारोह नई दिल्ली में 30 अगस्त को होगा। जिसमें देश के गांवों की मिट्टी को ब्लॉक स्तर से लाया जाएगा और प्रत्येक ब्लॉक के स्वयंसेवकों के साथ मिट्टी को राजधानी लाया जाएगा। स्वयंसेवक कर्तव्य पथ पर एकत्रित होंगे राजधानी में इस मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी और प्रधानमंत्री स्वयंसेवकों को पंच प्रणों की प्रतिज्ञा दिलाएंगे।

श्री पाठराबे ने अभियान में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बेवसाईट लांच होने की जानकारी दी। बताया गया कि जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके वे राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। प्रतिज्ञा लेने के बाद भागीदारी का एक डिजीटल प्रमाण पत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

सागर में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास मंदिर और स्मारक का करेंगे शिलान्यास

## प्रधानमंत्री 12 को मप्र आएंगे, मिलेगी कई सौगातें

- बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल विस्तारीकरण परियोजनाओं का होगा भूमि-पूजन
- कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का होगा लोकार्पण



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मध्यप्रदेश आयेंगे। वे इस अवसर पर सागर के बड़कुमा में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास भव्य मंदिर-विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री प्रदेश में जारी समरस यात्रा के समापन के साथ ही राज्य को कई सौगातें भी देंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात के रूप में बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल की विस्तारीकरण परियोजनाओं का भूमि-पूजन करेंगे। बीपीसीएल की रिफायनरी वर्ष 2011 से मध्यप्रदेश में कार्यरत है, अब इसका विस्तारीकरण कर पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। राज्य शासन द्वारा बीपीसीएल को टैक्स में छूट और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगभग एक हजार करोड़ रूपए की लागत के 47 किलोमीटर के मोरी-कोरी-विदिशा-हिनौतिया पैकेज-1 फोर लेन तथा हिनौतिया-मेलुआ पैकेज-2 टू लेन सड़कों का भूमि-पूजन भी करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर सम्पर्क के साथ-साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर साँची के बुद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चट्टानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी रेल मंत्रालय के अधीन कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर 2 हजार 476 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि बृजगोपाल लोया रायसेन, मिलन भार्गव भोपाल एवं गुलरेज शेख उज्जैन को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। शिवम शुक्ला सीधी, श्रीमती मंजरी जैन विदिशा, श्रीमती वंदना 'मार्तण्ड' त्रिपाठी भोपाल, एडव्होकेट सचिन वर्मा भोपाल को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रेम व्यास इंदौर एवं बृजराज सिंह ग्वालियर को प्रदेश मीडिया विभाग का सदस्य नियुक्त किया है। **पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्य नियुक्त**-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की सहमति से पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने मोर्चा के सोशल मीडिया संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की है। संयोजक प्रताप यादव भोपाल, सह संयोजक में सुमंजू दायमा भोपाल, जितेन्द्र घुरैया मुरैना को नियुक्त किया है।


### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र./0854/अ -6/2023-2024

**इशतहार**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुमन पटेल पति श्री चंद्र शेखर पटेल वगैरह निवासी 1783/ए कृपाल चौक गुप्तेश्वर रोड जबलपुर के द्वारा पंजीकृत वसीयत दिनांक 18/05/2012 के माध्यम से मौजा हिरदेपुर प.ह.नं. 06 खसरा नं 42/2/2 शीट नं.... प्लाट नं.... रकवा 6560 वर्गफुट वसीयतकर्ता श्री सोहन लाल पटेल पिता स्व. श्री राम प्रसाद पटेल से प्राप्त की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 22/08/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/08/2023 को जारी।**

**जारी दिनांक 04/08/2023**

**पेशी दिनांक 22/08/2023**

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 928

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र/1228/अ-6/2022-2023

जबलपुर, दिनांक / /2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय कुमार यादव पिता श्री अनंतराम यादव निवासी उपरैनगंज जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं.बं. 264 प.ह.नं. 4 स्थित भूमि खसरा नंबर 282/4 में से रकवा 1028 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती मथुरा बाई यादव की मृत्यु दिनांक 30.11.22 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25.08.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/07/2023

पेशी दिनांक-25/08/2023

तहसीलदार अधारताल जबलपुर

र.नं. 925

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती रमा रजक पति श्री महेन्द्र रजक निवासी-424, विक्टोरिया कम्पाउण्ड, जिला जबलपुर ने डायवर्टेड भूमि मौजा गोहलपुर तह. व जिला जबलपुर स्थित नं.बं.-601, प.ह.नं.-24/1, राजीव गांधी वार्ड ख.नं. पुराना- 9/2, 10/2, नया ख.नं. 9/2/9 में 760 वर्गफुट जिसमें 600 वर्गफुट में चार कमरों का मकान बना हुआ है को विक्रय अनुबंध दिनांक-10.07.2023 को विक्रय अनुबंध विक्रेता शंकर सिंह उर्फ शिवशंकर सिंह पिता राजेश्वर सिंह निवासी-900/3, गोहलपुर, राजीव गांधी वार्ड, जबलपुर वर्तमान पता- करहिया खास, जिला गाजीपुर उ.प्र. से हुआ है। जिसका निकट भविष्य में रजिस्ट्री बैनामा होना है, तत्संबंध में आम जनता, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय संस्था सहित हर आम व खास को किसी तरह का दावा, आपत्ति, मुकदमा, हक्क, हिस्सा, अधिकार या उजर हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन की 5 दिवस की अवधि के भीतर मय दस्तावेज के मुझसे संपर्क कर सूचित करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति न आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त अनुबंधित भूमि का रजिस्ट्री बैनामा अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा एवं किसी तरह की कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

जबलपुर, दिनांक- 09/08/2023

**कमलेश बावरिया, अधिवक्ता**
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र.
ऑफिस- 5318 लालमाटी चांदमारी तलैया, जबलपुर, म.प्र.
मोबा. 9329152317

र.नं. 926


विश्व आदिवासी और भारत छोड़ो दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा-

## आदिवासी प्रदेश के मूल निवासी, वे जल जंगल और जमीन के असली हकदार



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आदिवासी समाज हमारे प्रदेश के मूल निवासी है, मूल निवासी जल जंगल और जमीन के असली हकदार दो आदिवासी समाज है। उन्होंने कहा कि उसके बाद भी आदिवासी वर्ग पर अत्याचार के मामले में प्रदेश में नंबर वन पर है।

उन्होंने यह बात आज विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ा आंदोलन दिवस के मौके पर कही। उन्होंने आदिवासी दिवस शुभकामनाएं देने के साथ यह वचन भी दिया कि 4 महीने बाद जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी सबसे सुरक्षित समाज आदिवासी समाज होगा। पूरे प्रदेश का चित्र हमारे सामने है।

उन्होंने कहा कि आज, भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पूरा भारत मना रहा है, पर भाजपा छोड़ों दिवस भी मना रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उन्हें बहनों की याद आ गई, कर्मचारियों की याद आ गई। आखरी 5 महीने में सब याद आ गया है। सोचते हैं जो बचा है, सब समेट लो। लेकिन जनता अब शिवराज और भाजपा को विदा करने के लिए तैयार बैठी है। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कांग्रेस ने आदिवासी भाईयों के हितों के लिए हमेशा कार्य किए, लेकिन आज भाजपा सरकार में लूट खसोट की राजनीति चल रही है। इस अवसर पर रामरहीम वनवासी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया और प्रकाश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि और कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### भय और आंतक के सारे में जी रहे आदिवासी : भूरिया

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया ने कहा कि आज आदिवासी वर्ग पर भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं, ऐसा कोई जिला नहीं बचा होगा, जहां दबंगों द्वारा आदिवासियों पर बर्बरता और शर्मनाक कृत्य न किये गये हों। नेमावर, सीधी, खंडवा, खरगोन, विदिशा नीमच, गुना, सिवनी और इंदौर में आदिवासियों के साथ की गई क्रूरता से प्रदेश का आदिवासी भय और आंतक के साये में जी रहे हैं।

## मलखान सिंह और संतोष शर्मा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**भोपाल, देशबन्धु।** चंबल के मलखान सिंह ने जहां आज भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रहे निवाड़ी के संतोष शर्मा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। दोनों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में निवाड़ी के पूर्व जिला शिक्षा संतोष शर्मा के साथ उनके 12 सौ समर्थकों के साथ कांग्रेस में सम्मिलित हुए, जिसमें 20 सरपंच, 3 सौ भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। इनके अलावा समाजवादी पार्टी के 150 कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सहित अन्य नेतागण, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. JC-452735M SUB RAMESH CHAND OF UNIT 9 GRENADIERS निवासी VILLAGE- BHATERA, POST- JOL - LAMBRI, TEH- SUJANPUR, DISTT- HAMIRPUR (HP) PIN-176111 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम AKANSHA RANA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम AKANKSHA RANA है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम AKANKSHA RANA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- AKANSHA RANA

सही नाम- AKANKSHA RANA


## नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महँगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महँगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रूपये तक का फायदा होगा। महँगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महँगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा।


### ZUARI FARMHUB LTD.

Regd. Office: Jai Kisaan Bhawan, Zuarinagar, Goa - 403726, INDIA

**उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और बिक्री के लिए सूचना**

JAI KISAAN FarmHUB

हमें आप सभी को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर 2015 को जारी किए गए आदेश संख्या 2900 (ई) के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एवं उसमें हुए संशोधन के पश्चात, जुआरी फार्महब लिमिटेड (जेडएफएल) मध्य प्रदेश में नीचे दिए गए उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और उसकी बिक्री प्रारंभ करेगा।

| | Grades | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Specification / Composition | NPKS with Micronutrients 15:10:15:05 | NPKS with Micronutrients 12:08:24:03 | NPKS with Micronutrients 05:05:44:7.0 | NPKS with Micronutrients 00:20:40:8.0 | NPK with Micronutrients 05:25:35 | NPK 15:10:15 | NPK 12:08:24 | NPK 05:05:44 | NPK 00:20:40 | NPK 05:25:35 | NPK 15:15:15 | NPK 05:25:15 | NPK 06:12:36 | NPK 28:28:0 | NPK 14:14:14 |
| 1 | Moisture per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen per cent by weight, minimum | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 5.0 | 6.0 | 28.0 | 14.0 |
| 3 | Water soluble Phosphorous(as P2O5) per cent by weight, minimum | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 15.0 | 25.0 | 12.0 | 28.0 | 14.0 |
| 4 | Water soluble Potassium(as K2O) per cent by weight, minimum | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 15.0 | 36.0 | - | 14.0 |
| 5 | Sodium(as Nacl) per cent by weight on dry basis, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 6 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 7 | Sulphur (as S) per cent by weight, minimum | 5.0 | 3.0 | 7.0 | 8.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Magnesium(as MgO) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | Zinc (as Zn) per cent by weight, minimum | 1.0 | 1.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | Iron (as Fe) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | Boron(as B) per cent by weight, minimum | 0.5 | 0.5 | 0.1 | 0.1 | 0.1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Molybdenum (as Mo) per cent by weight, minimum | - | 0.001 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | Total chloride(as Cl) per cent by weight on dry basis, max | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 14 | Lead(as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 15 | Cadmium(as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 16 | Arsenic(as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

### न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 151/wc Act/2023/Fetal miss

मूल प्रकरण क्रमांक 117/2021/फैटल

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 151/WC Act/2023/Fetal miss में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री बुध सिंह आत्मज धरम लाल की मृत्यु नियोक्ता/1. रविशंकर परिहार के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरुप दिनांक 03.02.2021 को हो गई है। नियोक्ता/बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमि. जबलपुर ने क्षतिधन राशि रु. 9,00,000/- (नो लाख रु. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 21.08.2023 नियत की गई है।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री बुध सिंह आत्मज धरम लाल के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 21.08.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।

आज दिनांक /07/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्रीकृष्णा डागलिया)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

### न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 163/wc Act/2023/Fetal miss

मूल प्रकरण क्रमांक 138/2022/फैटल

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 163/WC Act/2023/Fetal miss में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री छोटेलाल यादव की मृत्यु नियोक्ता/1. दलजीत सिंह पिता श्री निर्मल सिंह के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरुप दिनांक 03.03.2022 को हो गई है। नियोक्ता/बीमा कंपनी ने क्षतिधन राशि रु. 10,00,000/- (दस लाख रु. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 04.09.2023 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री छोटेलाल यादव के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 04.09.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें। आज दिनांक /08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्रीकृष्णा डागलिया)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

### न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 165/wc Act/2023/Fetal miss

मूल प्रकरण क्रमांक 33/2018/फैटल

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 165/WC Act/2023/Fetal miss में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री अमरीक सिंह की मृत्यु नियोक्ता/1. गुरप्रीत सिंह पिता श्री रनवीर सिंह के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरुप दिनांक 08.11.2017 को हो गई है। नियोक्ता/बीमा कंपनी ने क्षतिधन राशि रु. 5,70,000/- (पांच लाख सत्तर हजार रु. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 05.09.2023 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री अमरीक सिंह के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 05.09.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।

आज दिनांक /08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्रीकृष्णा डागलिया)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

### न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 98/wc Act/2023/Non Fetal miss

मूल प्रकरण क्रमांक 154/04/एग्रीमेंट

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त क्रमांक प्रकरण 98/WC Act/2023/Non Fetal miss में सर्वसारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री गोपाल प्रसाद पिता गरुदयाल प्रसाद की मृत्यु नियोक्ता/1. भारत संचार निगम लिमिटेड के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरुप दिनांक 10.12.2008 को हो गई है। नियोक्ता/भारत संचार निगम लिमिटेड जबलपुर बीमा कंपनी ने क्षतिधन राशि रु. 49,303/- (उन्नचास हजार तीन सौ तीन रु. मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 29.08.2023 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री गोपाल प्रसाद पिता गुरुदयाल प्रसाद के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 29.08.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।

आज दिनांक /08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्रीकृष्णा डागलिया)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2872/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हिरदेपुर प.ह.नं. हिरदेपुर तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश रजक पिता स्व. मुन्नीलाल रजक निवासी 1728/2 गुप्तेश्वर रोड जबलपुर म.प्र. के द्वारा ग्राम हिरदेपुर बंदोबस्त नंबर 752 प.ह.नं. हिरदेपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 42/2 में से रकवा 1925 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

इस इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01.08.23

पेशी दिनांक 08.08.23

तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

र.नं. 927

### आम इश्तहार

रंजना पति अमूलअप्पा एवं श्री राकेश केवट पिता लक्ष्मण केवट निवासी बंगला नं. 6 कैन्ट सदर जबलपुर द्वारा विक्रेता श्री मनीष कटारिया पिता श्री भगवान दास कटारिया निवासी - म.नं. सी.डी. 5 त्रिवेणी ग्रीन सिटी रेसीडेंसी पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड म.प्र. इंडिया से क्रय अनुबंध हुआ है।

विक्रय की जा रही सम्पत्ति का विवरण- मौजा प्लाट नीमखेड़ा नं.बं. 738 प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 136 का कुल रकवा 1.840 हेक्टेयर में से 0.60 हेक्टेयर (याने डेढ़ एकड़) पर विकसित की जा रही आवासीय कॉलोनी के प्राईवेट लेआउट प्लाट क्रं. 5 का कुल रकवा 20 फुट बाई 50 फुट याने 1000 वर्गफुट (92.93 वर्गमीटर) के प्लाट का सौदा किया गया है।

यह कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो वह 15 दिन के अंदर आपत्ति दर्ज करें। अन्यथा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा।

संपर्क सूत्र
रंजना पति अमूल अप्पा
श्री राकेश केवट
बंगला नं. 6 कैन्ट सदर जबलपुर

र.नं. 924 मो.नं. 9302911350

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 10 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद में भारत माता की तलाश

यह वाकई दुखद है कि आजादी के बहुप्रचारित अमृत काल को पार करने के बाद भी देश और नागरिकों की सर्वोच्च प्रतिनिधि कही जाने वाली संसद असली 'भारत माता' को नहीं जानती। उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई बहस से तो ऐसा ही महसूस होता है कि अब भी हमारे अधिकतर जन प्रतिनिधि इस बात से पूर्णत: अनभिज्ञ हैं कि आखिर भारत माता कौन है। यह सवाल तब उठा जिस समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में 'भारत माता की हत्या हुई है।'

मोदी और उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर बेबाकी से प्रश्न उठाने वाले राहुल मोदी सरकार और पूरी भारतीय जनता पार्टी की स्वाभाविकत: आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। मोदी सरनेम पर कर्नाटक की एक चुनावी टिप्पणी को लेकर उन पर दर्ज मुकदमे पर सुनाई सजा के कारण मार्च में उनकी सांसदी निलम्बित हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगा देने के बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गयी थी। फलत: वे सोमवार से फिर लोकसभा में अपनी सीट पर नज़र आये। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर तीन दिवसीय बहस जारी है। अनुमानों के विपरीत राहुल ने प्रस्ताव पर पहले दिन यानी मंगलवार को न बोलकर अपना वक्तव्य बुधवार को दिया। अपेक्षा के मुताबिक उन्होंने वहीं से अपने भाषण की शुरुआत की जहां उन्होंने पिछली बार छोड़ा था; यानी गौतम अदानी को लेकर। उन्होंने उसमें मणिपुर को भी जोड़ा जो चर्चा का केन्द्रीय विषय है। साथ ही हरियाणा की हिंसा की बात भी छेड़ते हुए आरोप लगाया कि 'आप पूरे देश को जलाने में लगे हो।'

शीर्ष अदालत में जीत दर्ज कराने और खोया शासकीय आवास फिर से पा लेने का विजयी भाव तो उनकी मुद्रा और व्यवहार में नज़र नहीं आया परन्तु भाजपा की खीझ और अपराध भाव के दर्शन चर्चा के पहले दिन ही होने लग गये थे। बहस को असम के सांसद गौरव गोगोई की ओर से शानदार शुरुआत मिलने से और भी परेशान भाजपा की झुंझलाहट निशिकांत दुबे के बयान में देखने को मिली जब उन्होंने व्यक्तिगत छींटाकशी करते हुए कहा कि 'सोनिया गांधी यहां बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने के लिये बैठी हैं।'

इस घटिया टिप्पणी को शालीनता से दरकिनार करने वाली राहुल की मां का उल्लेख बुधवार को फिर से हुआ जब राहुल ने मणिपुर की भयावह स्थिति का वर्णन करते हुए इस बात का जिक्र किया कि 'मोदी उस हिंसाग्रस्त राज्य में नहीं गये क्योंकि वे मणिपुर को भारत का हिस्सा ही नहीं मानते।' भाजपा सरकार द्वारा वहां अपनाई गयी विभाजनकारी नीति की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि 'एक मेरी मां यहां बैठी हैं और दूसरी मां मणिपुर है जिसकी आप ने हत्या की है।' उन्होंने अपने भाषण में रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी जोड़ा कि 'जैसे रावण केवल कुम्भकर्ण और मेघनाद की ही बात मानता था, वैसे ही मोदी केवल अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) और अदानी की बात मानते हैं।' राहुल ने मोदी पर भारत माता की हत्या का आरोप लगाया, जो सांकेतिक अर्थ में था।

अमेठी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उनकी प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ने मौके को लपकते हुए इसे अपने भाषण का मुद्दा बना दिया। उन्होंने कहा कि 'जब राहुल कह रहे थे कि भारत माता की हत्या की जा रही है तो कांग्रेसी तालियां पीट रहे थे।' सवाल यह है कि राहुल गांधी के लिये आखिर भारत माता कौन है और स्मृति ईरानी किसे भारत माता मानती हैं। राहुल के परनाना व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अहमदनगर जेल में लिखी अपनी प्रसिद्ध किताब 'हिन्दुस्तान की कहानी' में बतलाया है कि 'कभी ऐसा भी होता है कि मैं किसी जलसे में पहुंचता हूं तो मेरा स्वागत 'भारत माता की जय!' के साथ होता है। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता हूं कि इस नारे का मतलब क्या है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं?' आगे नेहरू लिखते हैं कि 'जब उन्हें जवाब नहीं सूझता तो मैं ही उन्हें बताता हूं कि हिन्दुस्तान की नदी, पहाड़, जंगल, खेत जो हमें अन्न देते हैं वे सारे हमें अज़ीज़ हैं लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिन्दुस्तान के लोग। उनके और मेरे जैसे लोग जो इस सारे देश में फैले हुए हैं। भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और 'भारत माता की जय!' से मतलब हुआ इन लोगों की जय। मैं उन लोगों से कहता हूं कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो।'

असली मतांतर यही है कि राहुल लोगों में ही भारत माता को देखते हैं जबकि स्मृति ईरानी जिस विचारधारा की नुमाइंदगी करती हैं वह भारत माता को एक दैवीय स्वरूप में परिकल्पित कर जनता के भौतिक दायित्वों से मुक्त हो जाती हैं। जनता जनार्दन में भारत माता को देखने का अर्थ है उसकी ज़रूरतों को समझते हुए उसकी तरक्की व खुशहाली के प्रति दायित्वबोध और उसके सुख-दुख में शामिल होना। भारत माता को ईश्वरीय रूप देने का उद्देश्य उसके नाम से लोगों का भावनात्मक दोहन कर उसका सियासी लाभ लेना है। भारत में जारी विचारधाराओं के बीच जारी मौजूदा संघर्ष का यह महीन पहलू है जिसे स्मृति ईरानी को नहीं जनता को समझना होगा।

# बिल्किस बानो से राखी बंधवा लें मोदीजी

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

रक्षाबंधन में अभी काफी दिन हैं, अगर प्रधानमंत्री जी का कोई कार्यक्रम अब तक सुनिश्चित न हुआ हो कि वे इस बार देश के किस कोने में पहुंचकर, किस तबके की महिलाओं से राखी बंधवाने वाले हैं, तो उन्हें सलाह है कि इस बार वे अपने गृहराज्य चले जाएं। वहां बिल्किस बानो रहती हैं। श्री मोदी इस बार बिल्किस बानो से रक्षासूत्र बंधवा लें तो अमृतकाल का यह अमृत क्षण बन कर देश के इतिहास में सदा के लिए अमृत स्मृति बन जाएगा। बिल्किस बानो मुस्लिम महिला हैं, तो उनसे राखी बंधवाकर श्री मोदी अपने ही वचनों को सार्थक करेंगे। इस तरह मोदीजी, पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे की मिसाल भी अपने सांसदों के सामने पेश कर सकते हैं। हाल ही में दो बैठकों में उन्होंने भाजपा और एनडीए के नेताओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने को कहा है, ताकि वे सुरक्षित महसूस कर सकें। तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करना चाहिए। वैसे सवाल किया जा सकता है कि आखिर 9 सालों में मोदी सरकार ऐसा माहौल क्यों नहीं बना पाई कि मुस्लिम या किसी भी तबके की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। सवाल ये भी है कि महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाने के लिए उनसे राखी बंधवाने की क्या जरूरत। क्या मोदीजी भी राखी के त्योहार को केवल इसी नजरिए से देखते हैं कि भाई की कलाई पर रक्षासूत्र इसलिए बांधा जाता है ताकि वो बहन की हिफाजत कर सके। क्या महिलाएं अपनी हिफाजत खुद करने के काबिल नहीं हैं। अगर नहीं हैं, तो क्या उन्हें इस काबिल नहीं बनाया जाना चाहिए। मोदी सरकार जिस महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति की बात करती रही है, क्या वो केवल जुबानी और कागजी थीं, उनका हकीकत से कोई वास्ता नहीं था।

खैर महिलाओं की रक्षा हो न हो, महिलाएं रोज प्रताड़ना का शिकार होती रहीं, फिर भी रक्षाबंधन का त्योहार तो जैसे सदियों से मनता आया है वैसे ही आगे भी चलता रहेगा। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और फिर अगले साल आम चुनाव हैं, जिसमें इस बार भाजपा को इंडिया से मुकाबला करना है, तो अब भाजपा इसके लिए नयी-नयी तिकड़में भिड़ाने में लगी है। इंडिया यानी 26 दलों के गठबंधन में एकता बनी रही और आगे कुछ और दल इसमें शामिल हो गए, तो फिर भाजपा का लोकसभा में 3 सौ पार का सपना धरा का धरा रह जाएगा। अब तो राहुल गांधी मानहानि की सजा से मुक्त हो चुके हैं, और संसद भी फिर से आ गए हैं। इससे मोदी सरकार की मुश्किलें और बढ़ेंगी, ये तय है। राजनैतिक मुश्किलों का समाधान राजनैतिक तरीकों से ही निकालने की कोशिश करनी चाहिए। मगर मोदीजी इसमें घालमेल करने में लगे हैं। राम मंदिर बनना शुरु हो चुका है, जिसका उद्घाटन अगले साल की पहली तारीख को शायद हो जाए। काशी में ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वे करने में लगी है। मथुरा की शाही ईदगाह भी कतार में है। तो अयोध्या, मथुरा, काशी के बाद हिंदुत्व को और कैसे भुनाया जाए, इसकी तलाश भाजपा कर रही होगी। हिंदुओं के साथ-साथ आदिवासियों के लिए भाजपा जाल बिछा ही चुकी है। इधर पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में करने की कोशिश भाजपा कर रही है। इसके साथ ही मुस्लिम महिलाओं की याद भी श्री मोदी को आ गई। इस याद का सीधा संबंध चुनावों से है, इंडिया के गठन से है।

> हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है। देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे।

जब मुस्लिम महिलाओं से ही राखी बंधवानी है, तो मोदीजी को बिल्किस बानो से राखी बंधवा कर इसकी शुरुआत करना चाहिए। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही गुजरात दंगों में बिल्किस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उनके परिवार के लोगों को उनकी आंखों के सामने मारा गया था। बलात्कारी और हत्यारे बिल्किस के गांव के ही थे और वो उनसे हाथ जोड़ कर रहम की अपील करती रहीं कि वो उनकी बहन के समान हैं। लेकिन अपराधियों ने बिल्किस को एक मुस्लिम और एक महिला की तरह ही देखा, जिस पर वो बल प्रयोग कर सकते थे। अपने अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचवाने में बिल्किस को दो दशकों का लंबा वक्त लग गया। इस दौरान उनका आत्मसम्मान चकनाचूर किया गया, उनके मामूली सपनों तक को रौंद दिया गया। इतना काफी नहीं था तो अच्छे आचरण का हवाला देते हुए बिल्किस के बलात्कारियों को पिछले साल जेल से छोड़ भी दिया गया और बाकायदा उनका फूल माला के साथ स्वागत किया गया। भाजपा के नेता ने इन लोगों को संस्कारी ब्राह्मण तक कहा था। बिल्किस बानो के गुनहगारों को दोषी ठहराने और सजा देने वाले निचली अदालत के जज यूडी साल्वी, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने गुनहगारों के जेल से बाहर निकलने और इस पर मिठाई बांटे जाने, माला पहनाकर स्वागत किए जाने को लेकर कहा था कि ये सही नहीं है। लेकिन मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने पूछा, जेल से बाहर आने वाले परिवार के सदस्य को माला पहनाने में क्या गलत है?

इस एक सवाल से मोदी सरकार की महिला सुरक्षा और नारी सम्मान के दावों की हकीकत सामने आ जाती है। उसूलों और हक की बात करने के लिए जेल जाना और रिहाई पर फूलों से स्वागत अलग बात है। लेकिन अगर कोई चोरी, हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के लिए जेल जाए क्या तब भी वो स्वागत के काबिल माना जाएगा। अपराधियों को इज्जत बख्शने का ये कौन सा नया चलन देश में चलाया जा रहा है। एस वी राजू जिन लोगों को माला पहनाने को सही ठहरा रहे हैं, उन पर एक महिला से सामूहिक बलात्कार और 14 लोगों की हत्या का दोष है। अगर ऐसे लोगों को माला पहनाना सही है, तो फिर इस बात पर भी आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले चुनावों में इन लोगों को टिकट मिल जाए, हत्या और बलात्कार को इनकी योग्यता बताया जाए। एक ओर बलात्कारियों के स्वागत का माहौल बनाया जा रहा है, दूसरी ओर मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवाने की रणनीति बन रही है। राजनीति की ऐसी तिकड़में न्यू इंडिया को और कैसा इंडिया बनाएंगी, ये सोच कर ही डर लगता है। वैसी इसकी मिसाल मणिपुर मामले में मिल ही चुकी है।

इस मामले को लेकर अब इंडिया के अविश्वास प्रस्ताव का सामना मोदी सरकार कर रही है। बुधवार को राहुल गांधी ने अपने संक्षिप्त लेकिन तीखे भाषण में मोदी सरकार पर गंभीर इल्जाम लगाया है कि आप भारत माता की हत्या कर रहे हैं। भाजपा उनके शब्दों को पकड़कर उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। और उस भावना से लोगों का ध्यान भटका रही है, जो राहुल गांधी ने इस इल्जाम के जरिए प्रकट की। श्री गांधी मणिपुर के लोगों, वहां की महिलाओं के दर्द पर मोदी सरकार से जवाब मांग रहे थे और वो उस वक्त शोर-शराबा करती हुई राजस्थान और प.बंगाल का नाम ले रही थी। इसी से समझ आता है कि मणिपुर के समाधान में मोदी सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी केवल चुनाव जीतने में है। और इसी वजह से ध्रुवीकरण का खेल शुरु हो चुका है। मणिपुर में दो समुदाय आपस में तीन महीनों से हिंसक तरीके से टकरा रहे हैं। हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है।

देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे। इस की जगह वे संविधान की भावना के मुताबिक देश को चलाने की कोशिश करेंगे, सबकी सुरक्षा का सूत्र वहीं मिलेगा।

# मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल

■ अरुण श्रीवास्तव

अपने विरोधियों और राजनीतिक शत्रुओं के खिलाफ अनैतिक और निराधार टिप्पणियां करना और हमेशा धरातल की सच्चाइयों से इनकार की मुद्रा में रहना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख विशेषता रही है। जाहिर है, मणिपुर में लावारिस शवों के निस्तारण के मामले में मोदी सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता की दलीलें इसी विशेषता को दर्शाती हैं।

मुर्दाघरों में लावारिस पड़ी लाशों के प्रति भी पूरी तरह से असंवेदनशीलता और चिंता की कमी का प्रदर्शन करते हुए, मेहता ने यह स्वीकार करने के बजाय कि शव भारतीयों के थे, अदालत को बताया कि जातीय हिंसा के अधिकांश लावारिस शव तथाकथित विदेशी 'घुसपैठियों' के हैं। एसजी मेहता की इस एकल-पंक्ति प्रस्तुति ने मणिपुर के लोगों, विशेषकर कुकी महिलाओं को तबाह कर दिया है।

केंद्र और मणिपुर दोनों सरकारों की ओर से पेश हुए मेहता ने 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'अधिकांश लावारिस शव घुसपैठियों के हैं'। यह अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके पास क्या बुनियादी जानकारी या सबूत थे? यह अभी तक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होने के नाते, उन्हें अपनी टिप्पणियों में कुछ हद तक संयम रखना चाहिए था।

> महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है।

उनकी टिप्पणी से मणिपुर की महिलाएं इस हद तक आहत हुई हैं कि शायद न्यायिक इतिहास में पहली बार मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की महिला संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में मेहता द्वारा की गयी इस टिप्पणी को वापस लेने की मांग की है।

एक अन्य बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं, जो समूह का प्रतिनिधित्व करती हैं, सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं। 'देश के सॉलिसिटर जनरल की ऐसी ढीली और निराधार टिप्पणी अशोभनीय, अस्वीकार्य और घृणित है।' समूह ने अपने बयान में कहा, 'यह मृतकों के परिवारों के लिए बेहद दुखद है, जो आज तक अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगियों के मन में ईसाई कुकियों के प्रति तीव्र घृणा की भावना राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपने की अनिच्छा में भी प्रकट होती है, जो शवों को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जहां एक ओर शव इंफाल के मुर्दाघरों में पड़े हुए हैं, वहीं शोक संतप्त परिवार मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण शवों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिसमें अगर वे शवों को निकालने की कोशिश करेंगे तो 'उन्हें निश्चित मौत का सामना करना पड़ेगा'।

महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है, और यह देश के दूसरे सर्वोच्च कानूनी कार्यालय का पद संभालने वाले किसी व्यक्ति को शोभा नहीं देता है'।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की : 'लेकिन अंतत:, जिनके साथ बलात्कार किया गया और जिनकी हत्या की गयी, वे हमारे लोग थे, है ना? इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय हो, बस इतना ही।'

दंगा पीड़ितों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की पूर्ण उदासीनता, राज्य का दौरा करने से इनकार करना और यहां तक कि पीड़ितों को सांत्वना देने से इनकार करना, राज्य के आदिवासियों और कुकियों को हैरान और अलग-थलग कर दिया है। एसजी मेहता की अप्रिय टिप्पणी ने उनके घावों पर नमक छिड़क दिया है, और इसलिए उन्होंने इस भयानक टिप्पणी को रद्द करने की मांग की है। जिस बात ने उन्हें सबसे अधिक आहत किया है वह यह है कि जहां प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी गरिमा और शील की रक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया है, वहीं उनकी सरकार ने मृत आत्माओं को न्यूनतम मानवीय अधिकार देने की इच्छा भी व्यक्त नहीं की है। एक बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि समूह द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं।

इसके अलावा, एसजी तुषार मेहता के निराधार दावे ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी मुश्किल में डाल दिया है। भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी है। इतनी बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों का प्रवेश बीएसएफ की प्रभावकारिता और क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। फिर यदि वास्तव में ऐसा मामला है, तो केंद्रीय गृह मंत्रालय, जो कि बीएसएफ का बॉस है, को विस्तृत स्पष्टीकरण देना चाहिए कि इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठिये पुलिस की मजबूत उपस्थिति के बावजूद भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने में कैसे कामयाब रहे?

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेज ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि इंफाल के एक मुर्दाघर में महीनों से 118 शव अज्ञात पड़े थे। 'वे सड़ रहे हैं। हम वहां जाकर उनकी पहचान नहीं कर सकते। हमें पहचानने में मदद करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है', गोंसाल्वेज ने कहा। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा: 'आप 118 शवों को मुर्दाघर में अनिश्चित काल तक नहीं रख सकते।' अदालत ने एसजी मेहता से यह बताने के लिए कहा कि कितने शवों की पहचान की गयी है और कितने का पता लगाया जाना बाकी है।

कुछ स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकांश मृतक हिरासत में मौत के शिकार थे। ऐसे ही एक मामले में, 25 मई को एक एफआईआर दर्ज की गयी थी, लेकिन पीड़ित की मौत की जांच के लिए आज तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गयी है, जो गिरफ्तारी के दिन से इंफाल में मणिपुर पुलिस की हिरासत में था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह हश्र हुआ।

यह गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की खराब कार्यप्रणाली को दर्शाता है कि मणिपुर में जातीय हिंसा के तीन महीने बाद भी कम से कम 53 शव- जिनमें से ज्यादातर कुकी समुदाय के हैं- अभी भी इम्फाल पूर्व और पश्चिम के दो जिला अस्पतालों में लावारिस पड़े हुए हैं। इसके अलावा, मैतेई समुदाय के व्यक्तियों के तीन या चार शव चूड़ाचांदपुर के अस्पताल में लावारिस पड़े हुए हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी सरकार ने मणिपुर के मृतकों और जीवितों दोनों को छोड़ दिया है। यह देखना बाकी है कि सर्वोच्च न्यायालय मृत आत्माओं के प्रति घोर अनादर दिखाने के लिए जिम्मेदार राजनेताओं, शासकों, अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई शुरू करता है।

मणिपुर पुलिस द्वारा प्रदर्शित नृशंस रवैया, गिरफ्तार किये गये लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में उनकी घोर विफलता और जिनके खिलाफ अभी तक आरोप पत्र दायर नहीं किया गया है, यह दर्शाता है कि कैसे उन्हें हिंदुत्व कट्टरता के पैदल सैनिकों में बदल दिया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह द्वारा 'नार्को-आतंकवादियों' और 'अवैध आप्रवासियों' पर युद्ध की आड़ में भयानक हिंसा को उचित ठहराना पुलिस की मिलीभगत और कुकियों के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण रवैये को रेखांकित करता है।

मणिपुर में न तो मुख्यमंत्री और न ही पुलिस ने संविधान के प्रावधानों का पालन किया। ऐसी दो भयावह घटनाएं डह्लमथांग सुन्ताक और लालरेमरूट पुलमटे की मृत्यु से संबंधित हैं। उन्होंने 3 मई की देर शाम इंफाल से चूड़चांदपुर जाते समय मोइरांग पुलिस स्टेशन में सुरक्षा मांगी थी। दुर्भाग्य से, पुलिस के कार्रवाई करने से पहले ही भीड़ ने उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पुलिस ने उन्हें भीड़ को सौंप दिया था (जैसा कि उन्होंने वायरल वीडियो की पीड़ित महिलाओं के साथ किया था, जिसने लैंगिक हिंसा की भयावहता को सामने ला दिया था), पर सच्चाई जानना कठिन है। वास्तव में चौंकाने वाली बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की गहरी चुप्पी है, जो अन्यथा विपक्ष के नेतृत्व वाली सरकारों की खिंचाई करने में काफी सक्रिय रहा है, लेकिन इन घृणित घटनाओं पर अपनी आवाज नहीं उठायी या स्वत: संज्ञान जांच शुरू नहीं की।

## पावन प्रसंग

# भारतीय दर्शन की विश्वव्यापी प्रभाव

भारतीय संस्कृति की ज्ञान-विज्ञान की धारा पूरे विश्व में अपना प्रभाव डालती रही है। अरब और यूनान के प्राचीन चिंतन में भारतीय दर्शन की स्पष्ट छाप मिलती है। यूनानी ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में भारत में यात्रा के दौरान उन्होंने देश के अध्यात्म का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने भारतवर्ष के उन आध्यात्मिक मनुष्यों का भी वर्णन किया है, जो पर्वतों, मैदानों और कुंजों में निवास करते थे। मैक्समूलर लिखते हैं कि यूनानियों को जितना अधिक भारत की दार्शनिक प्रवृत्ति ने प्रभावित किया, उतना किसी अन्य ने नहीं। यह प्रवृत्ति रहस्यमयस देश की व्याप्त किए हुए प्रतीत होती थी। परवर्तीकाल में हम इस प्रभाव को और सघन एवं व्यापक रूप में देखते हैं। भारतीय विचारों पर सबसे पहले शोध करने वाले यूरोपी विद्वान अलेक्जेंडर थे, जिन्होंने सन् 1768 में अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ इंडिया में इस विषय पर विशद प्रकाश डाला। वारेन हेस्टिंग्स की प्रेरणा से भारतीय साहित्य का ज्ञान अर्जित करने वाले पहले अंग्रेज चार्ल्स विल्किन्स थे, जिन्होंने बंगाल में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। सर विलियम जोन्स भारतीय विचारों के अध्ययन में अग्रणी थे, जो सन् 1783 में कलकत्ता (कोलकाता( उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनकर भारत आए थे।-

यहां की विचारधारा से प्रभावित बोकर उन्होंने कहा-यह मानवीय प्रतिभा का उर्वर उत्पत्तिस्थल है सन् 1784 में स्थापित एशियाटिक सोसायटी के वे आजीवन अध्यक्ष रहे। उन्होंने पहली बार घोषणा की कि संस्कृत-ग्रीक और लैटिन की अपेक्षा अधिक परिष्कृत भाषा है व इन दोनों जन्मदात्री भी है।

जोन्स के कार्य का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय विचाराधाराओं के अध्ययन पर पड़ा। जीटी गैरेट के शब्दों में, उन्होंने इन विचारों पर जो रुचि जाग्रत की, उससे प्रेरित होकर विद्वान यहां के विचारों की खोज में ऐसे उत्साह के साथ प्रवृत्त हुए जैसे ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णक्षेत्रों के प्रति अन्वेषक निकल पड़े हों। ऐसे विद्वानों में हेनरी टामस कोलब्रुक विशिष्ट थे। दर्शन के साथ कोलब्रुक ने भारत के वैज्ञानिक साहित्य पर भी अध्ययन किया, जिससे यूरोपियन विज्ञान व गणितशास्त्र में भारतीय उपलब्धियों का पहली बार प्रकाश पड़ा।

अठारहीं शताब्दी के प्रारंभ में फ्रांस भी भारतीय विचार प्रणाली में रूचि लेने लगा था। फ्रांस को भारतीय विचारधारा और इतिहास की जानकारी अरबी, फारसी, चीनी, ग्रीक और लेटिन पुस्तकों से होती रहती थी। इस संदर्भ में फ्रांस के बादशाह के पुस्तकालयाध्यक्ष बिगनन, अन्य विद्वान कालमेत, एनक्वेतिद्यु पेरों आदि का विशेष योगदान रहा। एनक्वेतिद्यु पेरो ने मुगल शहजादे दाराशिकोह के फारसी में अनूदित उपनिषदों का अनुवाद लेटिन भाषा में किया।

इसी क्रम में श्रीमदभागदगीता और उपनिषद के अनुवाद के साथ भारतीय दर्शन के मूल ग्रंथों के पाठ उपलब्ध हो गए। लियोनार्ड दि शेजी व उनके शिष्यों ने भी भारतीय विचारों के अध्ययन व प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूजीन बरनाफ व मैक्समूलर ने इस श्रृंख्ला में कार्य को और गति दी। इसी बीच सन 1822 में सोशियट एशिएटिक संस्था की स्थापना पेरिस में हुई, जिसके कारण बहुत से विद्वान भारतीय दर्शन में रूचि लेने लगे। जिसमें बरनाफ के सहकर्मी बार्थेलेमि दि संत हेलारी भी थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन की न्याय व सांख्य शाखाओं में महत्वपूर्ण अध्ययन प्रकाशित किए।

सन 1868 में इकोल दे हांत एत्यूदे नाम से एक नया अध्ययन केन्द्र खुल गया, जिसमें आगस्त बार्थ और एवेल बरगाईन और एमिली सेनार्त ने ऋग्वेद पर विशद अध्ययन किया, जिसमें बरगाईन की प्रसिद्ध पुस्तक दि वैदिन रिलीजन एकॉर्डिंग टू दि हिम्स ऑफ ऋग्वेद उल्लेखनीय है। इसके बाद जर्मनों ने संयुकत और भारतीय दर्शन को अपनाया। जबकि उनके ब्रिटेन और फ्रांस की तरह भारत से कोई राजनीतिक संबंध नहीं थे।

**-अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

# पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता

पिछले महीने जुलाई को धरती का अब तक का सबसे गर्म महीने के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। एक तरफ जहां भारत और चीन सहित दुनिया के कई देश भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हैं, वहीं यूरोप के अधिकांश देश जंगलों में लगी भीषण आग से झुलस रहे हैं। दरअसल प्रकृति के इस रौद्र रूप के ज़िम्मेदार हम खुद इंसान हैं। विकास के नाम पर जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने धरती को खोखला कर दिया है. हालांकि एक तरफ जहां विकास के नाम विनाश जारी है तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण की रक्षा और इसके संरक्षण के लिए भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सतत विकास के तहत प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है।

वास्तव में, इंसान और पर्यावरण के बीच हमेशा से एक गहरा संबंध रहा है। प्रकृति के बिना कोई भी जीवन संभव ही नहीं है। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रहा है, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन गया है। जबकि सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है लेकिन यह तभी संभव है जब सभी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता होगी। दुनिया भर समेत भारत में भी पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसे संविधान के मौलिक कर्तव्य (भाग1 वीए अनुच्छेद 51) में भी दर्ज किया गया है, जिसके तहत वनों, झीलों और नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के लिए दया करना शामिल है। इसके अतिरिक्त और भी कई अधिनियम भारत सरकार ने बना रखे हैं जिसके तहत पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जैसे वन्यजीव अधिनियम 1972, जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 आदि।

लेकिन ज़मीनी सतह पर देखें तो ऐसा लगता है कि इस नियमों का कोई महत्व नहीं है। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां नदी और तालाबों को गंदा कर दिया गया है। ऐसे ही कई तालाब, पोखर और नदियां हैं जो प्रदूषण से पूरी तरह ग्रसित हैं। आखिर इनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी किसकी है? साल में केवल एक दिन पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम करने से नहीं बल्कि प्रतिदिन इसके लिए जागरूकता चलाने की ज़रूरत है क्योंकि पर्यावरण से ही प्राणियों के जीवन का आधार जुड़ा हुआ है।

**भारती देवी, पुंछ-जम्मू**

# कांग्रेसियों के विरोध करने के बाद शहर में नहीं आए मुख्यमंत्री



जबलपुर, देशबन्धु। नगर में बुधवार को उस दौरान पुलिस और कांग्रेस समर्थकों के बीच झूमा-झपटी हो गई जब सीएम का विरोध करने पार्टी जन पहुंचे।

मुख्यमंत्री के आगमन पर कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया उनके साथियों के साथ पुलिस द्वारा बलपूर्वक किया गया गिरफ्तार विष्णु विनोदिया के द्वारा बताया गया प्रदेश के सबसे झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री जो महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हैं उनके शासनकाल में सबसे ज्यादा अत्याचार लूट बलात्कार महिलाओं के साथ हो रहा है इसके विरोध में 9 अगस्त युवा क्रांति दिवस भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए कार्यक्रम समापन के बाद मुख्यमंत्री के आगमन पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे कांग्रेसी विष्णु विनोदिया प्रभा सिंह राकेश चक्रवर्ती पिवेंद्र सिंह चौहान ओम प्रकाश मनोज बैरागी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को टाउन हाल गांधी भवन से पुलिस के द्वारा बलपूर्वक गिरफ्तार किया गया।

## बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह की अध्यहक्षता में 10 अगस्तग को सायं 4 बजे कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में सभी विभाग, निगम और कार्यालय प्रमुखों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

## रामलला मंदिर पहुंचे बिन्दु दारा सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** रामायण सीरियल में श्री हनुमान जी का रोल अदाकरने वाले- दारा सिंह के सुपुत्र बिन्दु दारा सिंह, श्री हनुमान जी के दर्शन करने, एवं अर्जी लगाने आये इस मौके पर मंदिर के पुजारी पं. मनोज तिवारी से सौजन्य मुलाकात की।





# समरसता यात्रा को मोबाइल से संबोधित कर मुख्यमंत्री डुमना विमान तल से अनूपपुर रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान डुमना से सीधे जैतहरी अनूपपुर रवाना हो गए। उन्होंने सामुदायिक भवन रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित समरसता यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम को डुमना विमानतल से ही मोबाइल फोन से सम्बोधित किया। उल्लेखनीय है कि संत शिरोमणि रविदास के सागर जिले में बन रहे मंदिर के लिए गांव-गांव-नगर-नगर मिट्टी और जल संग्रहित करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश देते निकली यात्रा बुधवार को जबलपुर जिले के अंतिम पड़ाव पर है। यात्रा सिहोरा होते हुए कटनी जिले के पान उमरिया को प्रवेश करने वाली है। इसके पहले बुधवार को घमापुर क्षेत्र के श्रीरामलीला मैदान, बाई का बगीचा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होना था।

# समय पर जवाब देने से न्यायदान की प्रक्रिया होती है मजबूत



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर की मुख्य पीठ के अंतर्गत आने वाले 29 जिलों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा बैठक का आयोजन प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर के सभागार में किया गया। जिसमें आर.के. डेकाटे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल द्वारा सभी जिलों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में आमंत्रित जाह्वी पंडित अतिरिक्त महाधिवक्ता मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर के द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत किए जाने, प्रकरण की जानकारी संधारित करने, प्रभारी अधिकारी की तैयारी एवं समसामयिक न्यायालय के उद्धरणों के माध्यम से प्रभावी जवाब दावा प्रस्तुत करने के संबंध मे मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी केस के प्रभारी अधिकारी को उस केस को अपने बच्चे जैसे केयर करना चाहिए, उस केस की फ़ाइल को पढ़ना, समझना, दस्तावेज जुटाना, समय पर जवाब लगाना और निराकरण होने तक निरंतर मॉनिटरिंग करने से न्यायदान की प्रक्रिया मजबूत होती है। प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला रीवा, सतना, सीधी, दमोह, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी जिलों में बहुत अधिक प्रकरण जवाब दावा के लिये शेष रहने पर अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्ति की गई एवं आगामी समीक्षा बैठक के पूर्व अधिक से अधिक प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने और अवमानना याचिकाओं में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मंत्रालय से आए हुए चंद्रशेखर सोलंकी एवं सुनील धनोरकर ने स्कूल शिक्षा विभाग के न्यायालयीन प्रकरणों की मॉनिटरिंग के लिए तैयार सॉफ्टवेयर के विषय में जानकारी दी। कुसुम सिंह पिरामल फाउंडेशन से प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने में रखी जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला।

डॉ. राममोहन तिवारी संयुक्त संचालक विधि प्रकोष्ठ जबलपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय और बेहतर सामंजस्य से केस का निपटारा करने के लिए कहा और नियमित लोक अदालतों में जिन प्रकरणों का सहमति से निपटारा हो सकता है उन्हें समयसीमा में विधि प्रकोष्ठ के लिए प्रेषित करने के लिये कहा।

समीक्षा बैठक में विधि प्रकोष्ठ जबलपुर से मकरंद विन्ज़े, नीलेश चौबे, डॉ रचना शर्मा सहायक संचालक, राजेश वर्मा, अल्पना निगम, बृजेश गोस्वामी एवं कार्यालयीन सभी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन सहायक संचालक विधि प्रकोष्ठ जबलपुर नीलेश चौबे द्वारा किया गया।









# मंत्री डॉ मोहन यादव आज आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव 10 अगस्त को प्रातः 6.10 बजे इंदौर से वायुयान द्वारा प्रस्थाान कर प्रातः 7.35 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन करेंगे। आप प्रातः 8 बजे सर्किट हाउस आगमन कर जन प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। 10 बजे सर्किट हाउस से शासकीय कला महाविद्यालय पनागर के लिये प्रस्थोन करेंगे और 10.30 बजे कला महाविद्यालय पनागर में विश्वि बैंक परियोजना अंतर्गत नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री डॉ मोहन यादव दोपहर 12.05 बजे पनागर से प्रस्थाजन कर 12.30 बजे सर्किट हाउस जबलपुर आगमन कर अल्पत विश्राम करेंगे। 2.15 बजे सर्किट हाउस से मानस भवन राईट टाउन के लिये प्रस्थान करेंगे। आप 2.30 बजे मानस भवन राईट टाउन में आजादी का अमृत महोत्स्व राज्य स्तवीय समारोह के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 94 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 96 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 100 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 104 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 100 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 98 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 98 |

मो.-9039925000, 9425800409






## मेहनत को मिली मंजिल, सीएसईईटी में छाए होनहार



**जबलपुर, देशबन्धु।** घंटों की मेहनत, लगन और तय लक्ष्य पर ध्यान देकर कैंडिडेट्स ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। स्टूडेंट्स का कहना था कि यह शुरुआत है क्योंकि पहली सीढ़ी के बाद अभी आसमान छूने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। सीएसईईटी (कम्पनी सेक्रेटरी एंट्रेंस एग्जाम टेस्ट) का रिजल्ट जारी होते ही युवा सपनों को ऐसी की आकांक्षाओं के पंख लगे। बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा सीएसईईटी का रिजल्ट घोषित किया गया।

**ई-रिजल्ट कम मार्क्स स्टेटमेंट-** सीएसईईटी की परीक्षा 30 जुलाई 2023 में आयोजित की गई थी। रिजल्ट जारी होते ही ई-रिजल्ट कम मार्क्स स्टेटमेंट जारी किए गए। रिजल्ट की कोई फिजिकल कॉपी जारी नहीं हुई है इसलिए कैंडिडेट्स आगे के पड़ाव के लिए स्टेटमेंट कॉपी को ही सुरक्षित रखेंगे।

अब एग्जीक्यूटिव पर करेंगे फोकस

मेंटर सीए आशुतोष ददरया ने बताया कि यह परीक्षा ऑनलाइन रिमोट प्रोटोकॉल के अंतर्गत कंडक्ट हुई थी। जो कैंडिडेट्स एंट्रेस में क्वॉलिफाई हुए हैं वे अब सीएस एग्जीक्यूटिव की तैयारी करेंगे। एग्जीक्यूटिव में दो ग्रुप होते हैं, जिसके पहले ग्रुप में चार और दूसरे ग्रुप में तीन पेपर होंगे।

**नेक्स्ट एग्जाम में ज्यादा मेहनत-** एग्जाम में दीक्षा, सोमित, प्रांजल, वंश, मानसी, चारू, तिथि, अनन्या, सुहानी ने सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि एग्जीक्यूटिव के लिए काफी मेहनत करेंगे, ताकि सीएस का टैग नाम के आगे जुड़ सके।

## युवाओं में अहम है इन्वेस्टमेंट प्लानिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** युवाओं के लिए इन्वेस्टमेंट प्लानिंग अहम है, क्योंकि यह उनकी सेविंग और फ्यूचर से जुड़ा है। इन्वेस्टमेंट प्लानिंग को लेकर होमसाइंस कॉलेज में वर्कशॉप आयोजित हुई। इस दौरान स्टॉक एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रो. अमोग घाटोस्कर ने बताया कि छात्राओं को कम बजट से इन्वेस्टमेंट की शुरुआती करनी चाहिए। इसके साथ ही ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट इन्फ्लेशन सेवी सिप म्यूच्यूअल फंड विषय पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति जैन, डॉ. रीना भैरम, डॉ. मनीषा आर्या, अपूर्वा सोनी, रश्मि सिंगरौरे, डॉ. गीता चौबे मौजूद रहीं।

## हरियाली थीम पर चुनी गई सावन क्वीन



**जबलपुर, देशबन्धु।** हरियाली थीम पर लेडीज क्लब की मेंबर्स ने सावन क्वीन कॉम्पीटिशन में रंग जमाया। थीम के अकॉर्डिंग हुए गेम्स और थीम एक्टिविटी में लेडीज ने हरे रंग के परिधान और ग्रीन ज्वेलरी पहनी। हरियाली महोत्सव का यह नजारा जबालिपुरम विमन ग्रुप के कार्यक्रम में दिखा। कार्यक्रम में शर्मिला पॉल को सावन क्वीन चुना गया। बेस्ट ड्रेस के लिए मुक्ता पंचभाई, मंगला तेलंग, उषा तोमर, दिव्या मिश्रा और नमिता शर्मा को पुरस्कृत किया गया। रुचिता बरकल्ले और मनी सिंह ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति से समां बांधा। रश्मि दुबे, सीमा नायक, पूनम विश्वकर्मा मौजूद थीं।

**केन्द्रीय विद्यालय सीओडी सेना के जवानों संग लगाए पौधे**

**फोटो- सीओडी**

**जबलपुर, देशबन्धु।** सैनिकों के साथ केन्द्रीय विद्यालय सीओडी के छात्रों ने पौधरोपण किया। केन्द्रीय आयुध भंडार में पौधरोपण प्रोजेक्ट के अंतर्गत 700 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा है।

पौधरोपण के बाद छात्रों ने संरक्षण की शपथ ली। इसी क्रम में मंगलवार को भंडार समादेशक ब्रिगेडियर सी बसंत कुमार की उपस्थिति में फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सीओडी को क्लीनर और ग्रीननर कॉरिडोर के रूप में तैयार किया जाएगा।



## सीसीटीवी के बढ़ते उपयोग की समझाई महत्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** वाद-विवाद प्रतियोगिता में सीए स्टूडेंट्स ने योग्यता दिखाई। पक्ष और विपक्ष में तार्किक जवाब देकर प्रतिभागियों ने प्रजेंटेशन दिया। इस बीच किसी ने सीसीटीवी के बढ़ते उपयोग, तो किसी ने सेंट्रालाइज्ड फाइनेंस विषय पर बात रखी।

सिकासा स्टूडेंट्स ब्रांच ऑफ आईसीएआई के तत्वावधान में सीए क्विज और डिबेट कॉम्पीटिशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष सीए शांतनु सिंह चौहान ने आसपास और वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियों से रूबरू करवाया। जजमेंट सीए मधु अग्रवाल और सीए प्रवीण कोचर ने किया। क्विज प्रतियोगिता में सीए मनीषा थदानी और सीए सृष्टि अग्रवाल ने प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड्स के जरिए छात्रों का ज्ञान परीक्षण लिया।

**मथुरा में करेंगे प्रतिनिधित्व**

क्विज कॉम्पीटिशन में महक चिमनानी और शुभम आहूजा की टीम विनर रही। यह टीम सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के आगरा और मथुरा में होने वाले क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जबलपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस मौके पर जबलपुर सीए ब्रांच अध्यक्ष सीए कमल वलेचा, सचिव सीए चांदनी आहूजा, सीए हेमंत लालवनी, सीए सुकेश चौरड़िया, आकृति वलेचा मौजूद रहीं।

## जॉइंट रिसर्च पर काम करेंगे साइंस कॉलेज और टीएफआरआई



**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यावरण से जुड़ी रिसर्च में अब छात्र बेहतर काम कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें टीएफआरआइ में जाकर नए टॉपिक पर रिसर्च करने का अवसर मिलेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए बदलाव के बाद रिसर्चर्स को शहर के विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों में ट्रेनिंग की सुविधा दी जानी है। इस बात को ध्यान में रखकर ही गवर्नमेंट साइंस कॉलेज और टीएफआरआई के बीच एमओयू साइन किया गया है।

**बेहतर होगी संयुक्त रिसर्च-** कॉलेज प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया और टीएफआरआई डायरेक्टर डॉ. नितिन कुलकर्णी ने बताया कि एमओयू के बाद दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त रिसर्च हो सकेगी। वहीं दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ एक दूसरे संस्थान में जाकर फॉरेस्ट और प्लांट पर अनुसंधान कर सकेंगे।

टिशु कल्चर को जानेंगे छात्र-प्राणीशास्त्र विभाग की डॉ. सुनीता शर्मा और पर्यावरण विभाग प्रमुख डॉ. आरके श्रीवास्तव ने बताया कि टीएफआरआई में टिशु कल्चर, मेडिसनल प्लांट, बांस उत्पादन और पौधों की पहचान को लेकर विशेष काम काम होते हैं, जिससे कॉलेज छात्रों की ट्रेनिंग को नया आयाम मिलेगा।



## श्री गुप्तेश्वर महादेव का स्वर्ण भस्म श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी को संध्या आरती में स्वर्ण भस्म से श्रृंगार किया गया। श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में स्वर्ण भस्म से श्रृंगारित किया गया। महादेव सभी विधाओं के अधिष्ठाता देवता हैं। तंत्रिका तंत्र में भगवान स्वर्ण भस्म अर्पित करने से महादेव को प्राप्त कर सिध्दि प्राप्त की जाती है । श्रावण में पुरूषोत्तम मास के अवसर पर आज पूजन अर्चन आरती में गुप्तेश्वर ट्रस्टी रमेश मिश्रा, बसंत मिश्रा , डा.सन्तोष रजनीश गुलाटी, पंकज पाण्डेय, शैलेन्द्र राठौर, डा.मरकाम, कमलेश अग्रवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, अनिल चानवानी, सुधीर बुधरानी, कमलेश , पं.सुनील तिवारी, पं. छबिलाल, संजय नेमा, पूरन नामदेव, सत्यम गौतम, संगीता सिंह परिहार, दीदी वन्दना आनन्द, मुन्ना पांडे,एकलव्य ठाकुर, सार्थक परिहार , सत्यम मिश्रा, रघुवीर भंडारी, लोकेश गुप्ता , विवेक, दीपक, अतुल, अश्विन, पं.अनुज, आशीष, रौनक, ईशान मीन सिंह, मोहित, अनुराग, दुर्गेश वेंकटेश, कौस्तुम, डा. राम उपाध्याय, कनक शिखा सुरभी जयसवाल, राखी जी, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 10 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की नवमी। नक्षत्र-कृतिका।**

मेष -आज अत्यधिक धन खर्च की संभावना है, इसलिए संभलकर खर्च करने की सलाह दी जाती है। आर्थिक व्यवहार करते समय काफी सावधानी बरतें।

वृषभ -आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखर उठेगी। आप हिम्मत से काम कर सकेंगे और उत्तरदायित्वों का अच्छी तरह निर्वाह कर सकेंगे।

मिथुन -आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरुरत है। **क. 380-488**

कर्क -आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। मित्रों से विशेष लाभ होगा। शादी के इच्छुक व्यक्तियों का लग्न योग आएगा।

सिंह -विलंब से ही सही, लेकिन कामों में सफलता मिलेगी। ऑफिस या घर में उत्तरदायित्व का बोझ बढ़ेगा। जीवन को अधिक गंभीरता से लेंगे। काम के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कन्या -शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

तुला -स्वास्थ्य का ध्यान रखनें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े- विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिक -नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है।

धनु -नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है। आर्थिक लाभ की संभावना है। घर में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे। काम में सफलता और यश प्राप्ति होगी।

मकर -कला तथा साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति आज अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकेंगे। अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियों का परिचय करा सकेंगे।

कुंभ -स्वभाव में भावुकता अधिक होने से मानसिक बेचैनी रहेगी। आर्थिक विषयों का आयोजन होगा। माता से अधिक प्रेम का अनुभव होगा। वस्त्र या आभूषणों की खरीदी के पीछे खर्च होगा।

मीन -काम में सफलता पाने के लिए और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज उत्तम दिन है। आपके विचारों में आज स्थिरता रहेगी। **मा. 158-170**

**4,5,7,9,46,50,78,93,65,81,32,16**

## अगस्त क्रांति, भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ पर ध्वज वंदन एवं पदयात्रा संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल द्वारा ध्वज वंदन एवं ध्वज यात्रा भारत छोड़ो आंदोलन, करो या मरो, 9 अगस्त अगस्त क्रांति दिवस की वर्षगांठ एवं आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवादल परिवार द्वारा शहीद स्मारक गोल बाजार में प्रातः 10 बजे ध्वज वंदन किया गया, तदोपरांत सभी कांग्रेसजनों ने तिरंगे झंडे के साथ राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते हुए पैदल ध्वज यात्रा टाउन हॉल तक संपन्न की एवं टाउन हॉल में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया, इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन, करो या मरो, स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन, सहित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से उनसे प्रेरणा लेकर वर्तमान हालात में संघर्ष करने का आवाहन किया, तथा जल, जंगल, जमीन के संरक्षक आदिवासियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## पंच दिवसीय पीतांबरा बगलामुखी लक्षार्चन आज से प्रारंभः ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन पर्व पर नित्यप्रति हरिहर महोत्सव चल रहा है, जो मास पर्यन्त चलने वाला है परम पूज्य ब्रह्मलीन अनन्त श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर धर्म सम्राट जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीश्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री के द्वारा प्रदत्त शालिग्राम शिला खण्ड से निर्मित भगवान हरिहरेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक प्रतिदिन चल रहा है पुरुषोत्तम मास भगवान नारायण को अत्यंत प्रिय है नारायण की जो शक्ति है उन्हें माँ बगलामुखी को माना गया। क्योंकि माँ बगलामुखी को परम वैष्णवी शक्ति मानते हैं उसी क्रम में पंच दिवसीय पीतांबरा बगलामुखी लक्षार्चन आज से प्रारंभ होगा।समय दोपहर 11 से 1.00 बजे तक और 4 से 6 बजे तक। पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज श्री के परम सान्निध्य में किया जाएगा। सभी भक्त उपस्थित होकर पुण्य अर्जित करें।




## शिव नाम से ही लोककल्याण : स्वामी अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिव सर्व मंगल ही करते हैं। सनातन धर्म और वैदिक संहिताओं में वर्णित तैंतीस करोड़ देवी-देवताओ के आदिदेव महादेव हैं। । जलाभिषेक और बिल्व पत्र अर्पण करने मात्र से कष्टों का निवारण होता है, उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के प्रथम दिवस कहे ।

पं वेदांत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे। महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है, देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा पुष्प तिवारी ,अभिलाष पाँडे , वेदप्रकाश शर्मा , विजय पंजवानी , पप्पू लालवानी , रमेश मंगतानी,उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की।

## श्रीकृष्ण मंदिर छोटी ओमती में जन्माष्टमी पर होगी 70वीं भागवत कथा



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण मंदिर गीता भवन छोटी ओमती मी परंपरा अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर लगातार 70 वर्षों से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है इस वर्ष भी 31 अगस्त से 6 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। विगत दिवस मंदिर में संपन्न बैठक मे उक्त निर्णय लिया गया। मन्दिर के अध्यक्ष नरेंद्रपाल मलिक, सचिव श्याम साहनी ने बताया कि इस वर्ष कथा के प्रवक्ता मंदिर के संस्थापक सदस्य परमपूज्य ब्रह्मलीन दीनदयालु जी महाराज को समर्पित करने उनके ज्येष्ठ सुपुत्र तथा ललिता आश्रम वृदावन, हरिद्वार, वाराणसी के अध्यक्ष वा प्रबंध न्यासी पंडित शिवकुमार जी पांडे होंगे।

मंदिर समिति के सीताराम डांग, महेश यादव, राजेश नागेश सराफ, सुमंत शर्मा, कमला तेजवानी, मीरा गर्ग, चंद्रा पंजाबी, रश्मि शर्मा , निर्मला तायड़े, तरूणी यादव, हर्ष गुलाटी, मीना दुधानी, लक्ष्मी मौर्य ने धर्मावलंबियों से कथा श्रवण लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती संतोष कुमारी-** शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री सतपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष कुमारी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामप्यारी बाई यादव-** बदनपुर शक्ति नगर निवासी श्री सदाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी बाई यादव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार-** रतन नगर भारत कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री राजेंद्र कुमार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजय कुमार तल्लेवार-** जीआरसी गेट के पास रामपुर निवासी श्री संजय कुमार तल्लेवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. अमिता कुशवाहा-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री भगवान दास कुशवाहा की पुत्री कु. अमिता कुशवाहा (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल शर्मा-** गल्ला मंडी निवाड़गंज निवासी श्री शिव कुमार शर्मा के पुत्र श्री राहुल शर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राधाकृष्ण वैद्य-** मदनमहल प्रेमनगर फ्री चर्च के पास निवासी श्री राधाकृष्ण वैद्य (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गुरूमूर्ति अय्यर-** अवतार काम्पलेक्स गोरखपुर निवासी श्री गूरूमूर्ति अय्यर (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू चौधरी-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राम कुमार चौधरी के पुत्र श्री सोनू चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र शर्मा-** सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री फूलचंद शर्मा के पुत्र श्री नरेंद्र शर्मा (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्वाला प्रसाद शिवहरे-** फकीरचंद का अखाड़ा ठक्कर ग्राम निवासी श्री ज्वाला प्रसाद शिवहरे (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक सिंह ठाकुर-** रांझी थाने के पास निवासी श्री विवेक सिंह ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्याम कुमारी जायसवाल-** चौथा पुल नेपियर टाउन निवासी श्री विश्वनाथ जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्याम कुमारी जायसवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया।

**श्री सर्वेश तिवारी-** मिलौनीगंज निवासी श्री नंद कुमार तिवारी के पुत्र श्री सर्वेश तिवारी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# सियाराम वेयर हाउस में मूंग खरीदी में गड़बड़झाला

## कलेक्टर ने दिये उपार्जन संस्था के प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली के समीप कटाव मार्ग स्थित सियाराम वेयर हाऊस को सील कर दिया गया है। खरीदी की तुलना में लगभग 8 हजार क्विटंल मूंग कम पाये जाने पर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार इस वेयर हाउस की जांच बुधवार को एसडीएम सिहोरा उपसंचालक कृषि एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा की गई थी। कलेक्टर श्री सुमन ने इस प्रकरण में उपार्जन संस्था के प्रबंधक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये है। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री सुमन ने गत दिवस कृषि एवं इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक में मूंग उपार्जन में रिजेक्शन की मात्रा अधिक होने पर सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को गोदामों की जांच करने के निर्देश दिये थे।



नायब तहसीलदार मझौली आदित्य जंघेला ने बताया कि सियाराम वेयर हाउस की जांच में भौतिक सत्यापन के दौरान 8 हजार 010 क्विंटल 97 किलो मूंग की मात्रा खरीदी की तुलना में कम पाई गई। इस गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र के भौतिक सत्यापन के दौरान 50 किलो ग्राम की बोरियों में 32 हजार 223.50 क्विटंल मूंग पाई गई, जबकि ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों से उपार्जित मूंग की मात्रा 40 हजार 234.47 क्विटंल दर्ज की गई थी।

नायब तहसीलदार मझौली ने बताया कि सियाराम वेयर हाउस में किसानों से मूंग उपार्जन का अनुबंध किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) अमरलता एग्रीकलचर कंपनी से किया गया था। कलेक्टर श्री सुमन के निर्देश पर जांच में मूंग खरीदी में पाई गई इस बड़ी अनियमितता के लिये अमरलता एग्रीकलचर कंपनी के प्रबंधक घनश्याम पटैल एवं उनके द्वारा नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक पटैल को दोषी मानते हुये उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। वहीं वेयर हाउस प्रबंधक लक्ष्मी ठाकुर के विरूद्ध सुपरविजन में पर्याप्त सतर्कता नहीं बरते जाने के कारण विभागीय जांच प्रस्तावित की जा रही है। इसके साथ ही वेयर हाउसों की जांच शुरू की जायेगी।

## हमसफर एक्सप्रेस 22914 के जांच में पेंट्रीकार में मिली अन अप्रूव्ड पानी की 120 बोतले

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेशन में बुधवार को बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22914 की पेंट्रीकार में जबलपुर मंडल की वाणिज्य विभाग की टीम ने औंचक जांच में बड़ी संख्या में असूचिकृत पानी की बोतले तथा अमानक स्तर के आलू और प्याज जैसी सब्जियों को जब्त करके रसोई यान के संचालक पर नियमनुसार कार्यवाही की।



इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि उक्त अभियान के तहत पूरे मंडल में वाणिज्य स्टाफ द्वारा ट्रेन के पैंट्री कार पर अमानक खाद्य सामग्री एवं अप्रमाणिक पानी की बोतलों को बेचने पर सख्त नजर रखी जा रही है इस कार्यवाही के दौरान पेंट्रीकार से उक्त अन अप्रमाणिक ब्रांड की पानी की बोतले बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस में बेचते हुए पकड़ा गया। पेंट्री कार में पेयजल हेतु रेल नीर के साथ ही अप्रमाणिक ब्रांड की 120 पानी की बोतले अन्य सामान के साथ छुपा कर रखा गया जिन्हें जप्त कर एल.पी.ओ. में जमा कराया गया था तथा 02 अवैध वेंडरों को पकड़कर रेल सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया। इस जांच अभियान में स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जयसवाल, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रविकांत कुमार, उप स्टेशन प्रबंधक हेमंत एवं सुरक्षा बल की टीम साथ में थी।

## महाकौशल खेल रत्न अलंकरण 2023 तैयारियों जोरों पर

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाकौशल क्षेत्र में खेलों के विकास में अग्रणी खेल संस्था महाकोशल क्रीड़ा परिषद महाकोशल के विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखा चुके उत्कृष्ठ खिलाड़ियों को परम्परागत हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले भारत के अनमोल रत्न मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त खेलदिवस के अवसर पर महाकौशल खेलरत्न अलंकर 2023 के आयोजकों द्वारा जोरदार तैयारियां की जा



रही है महाकौशल क्रीड़ा परिषद के मीडिया प्रभारी शकील अनवर के अनुसार मानस भवन में आयोजित होने वाले खेल रत्न अलंकरण के लिए 30 जुलाई तक महाकौशल विभिन्न खेलों से उत्कृष्ठ खिलाड़ियों से आवेदन मांगा गया था आवेदनों की स्कूटिनी के बाद चयन समिति ने योग्य खिलाड़ियों का चयन कर आयोजन समिति द्वारा दिये जो वाले वाले ब्लेजर के नाप के लिए सूचित कर दिया है।

## कोतवाली व ग्वारीघाट में लूट की घटनाओं का खुलासा

### शातिर लुटेरा मुम्बई में पकड़ा गया, लाखों रुपए का माल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली व ग्वारीघाट समेत जबलपुर में अन्य जगहों पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मुंबई में धर दबोचा है। आरोपी को पकड़ने के लिये पुलिस ने मुंबई पुलिस की भी सहायता ली। पुलिस ने आरोपी को जबलपुर ले कर आयी और एक पत्रकारवार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने बताया कि मुंबई निवासी कमलेश गुप्ता जबलपुर आकर लूट की वारदातें करता और वापस मुंबई भाग जाता था।

पुलिस ने कमलेश गुप्ता से शहर में हुई लूट व चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए माल बरामद किया है। एसपी श्री विद्यार्थी ने आगे बताया कि कमलेश पिता रामानंद गुप्ता उम्र 33 वर्ष निवासी मकान 204 बी, पियुष मैजिस्टी निर्मल नगरी रोड थाना मुंब्रा जिला ठाणे मुम्बई महाराष्ट्र का शातिर बदमाश है। पुलिस ने मामले में आरोपी को पकडने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो संदिग्ध चेहरा सामने आया। पुलिस की टीम तलाश करते हुए मुम्बई पहुंच गई। मुम्बई पुलिस की मदद से आरोपी कमलेश गुप्ता को पकड़ा गया है। जिसने पूछताछ में जबलपुर में चोरी की गई एक्सिस, वृद्ध महिलाओं के साथ लूट एवं धमकाकर जेवर उतरवाने की घटना करना स्वीकार



किया। पुलिस की टीम ने आरोपी कमलेश गुप्ता को ट्रांजिक्ट रिमाण्ड पर जबलपुर लाया गया है। यहां पर आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसएक्स जबलपुर रेल्वे स्टेशन से बरामद किया गया। लूट व धमकी देकर उतरवाई सोने की दो चेन, एक जोड़ी बाले, एक अंगूठी बरामद की। इसके बाद आरोपी कमलेश को न्यायालय में पेश किया गया। एसपी श्री विद्यार्थी ने बताया कि आरोपी कमलेश गुप्ता ने मुम्बई में भी लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। जबलपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 5-5 हजार का इनाम घोषित किया था।

**कोतवाली क्षेत्र की घटना**- दीक्षितपुरा हितकारिणी स्कूल के पास रहने वाली नीलम जैन उम्र 62 वर्ष जैन मंदिर लार्डगंज सुबह 7.30 बजे के लगभग पूजा के बाद सब्जी खरीदकर घर जाने के लिए निकली। जब वे चौगान वाली गली के अंदर पहुंची। तभी पीछे से आए बदमाश ने सोने की चेन लूटी और भाग गया। महिला ने शोर मचाते हुए लुटेरे को पकडना चाहा तो धक्का देकर गिरा दिया। जिससे नीलम जैन के शरीर पर चोटें आई थी।

**ग्वारीघाट क्षेत्र की घटना** - इसी तरह इंद्रपुरी कालोनी ग्वारीघाट निवासी उर्मिला बाजपेई उम्र 65 वर्ष घर में रही। इस दौरान घर की घंटी बजने पर वृद्धा दरवाजा खोलकर बाहर आई। लुटेरा बोला ही आपके घर की पाइप फिटिंग हो गई है चलकर देख ले। उर्मिला लड़के के साथ निर्माणाधीन घर में चल गई। पहली मंजिल में पहुंचकर लड़के ने यह कहकर जेवर उतरवा लिए। युवक ने धमकी देकर वृद्धा के सोने की चेन 10 ग्राम, दोनो कान की बाली 2.5 ग्राम, दो अंगूठी (एक चांदी तथा एक सोने की) उतरवाए और धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस को पूछताछ में कमलेश ने दोनों वारदातें स्वीकार की है।



## पमरे चिकित्सा विभाग के तत्वाधान में मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे पर जबलपुर मंडल के अंतर्गत डॉ. मंजुनाथ जीएस, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मार्गदर्शन में उपमंडलीय चिकित्सालय नई कटनी जंक्शन तथा समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में बीते सप्ताह 01 अगस्त से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमे इस वर्ष की थीम आइये स्तनपान करायें एवं काम करें, काम करें। पर विशेष प्रकाश डालते हुए आयोजन में उपस्थित रेल कर्मचारियों एवं परिजनों को स्तनपान से शिशु तथा माताओं को मिलने वाले लाभ, स्तनपान का महत्व, स्तनपान कराने के तरीके तथा दैनिक कार्यों से सामंजस्य बनाकर स्तनपान कराने के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपमंडलीय चिकित्सालय नई कटनी जंक्शन में डॉ. स्मित श्रीवास्तव, मंडल चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. उपासना स्थापक दन्त चिकित्सक, स्वास्थ्य केंद्र सतना में डॉ. सतीश चेम्बेती सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. प्रीति सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अन्य संविदा चिकित्सकों द्वारा विशेष स्वास्थ्य संवाद स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की व्यापक सहभागिता रही जिसमे 350 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।

## मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत अमृत वाटिका- रानी दुर्गावती से जिले स्तर पर पौधारोपण अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार से निर्धारित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के परिप्रेक्ष्य एवं अगस्त क्रांति के पावन और पुनीत अवसर पर जिला स्तरीय अमृत वाटिका पौधारोपण अभियान उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, रासेयो जिला जबलपुर एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय से प्रारंभ हुआ। महा अभियान के प्रथम चरण में माटी का वंदन - वीरों को नमन कार्यक्रम के अंतर्गत भारत माता और माटी के पूजन के साथ स्वतंत्रता संग्राम के साक्षी शरदचंद्र पालन का सम्मान शाल और श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी जी ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय अग्रणी महाकौशल महाविद्यालय प्रो. ए. सी. तिवारी ने पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. पवन तिवारी ने अगस्त क्रांति पर प्रकाश डालते हुए जबलपुर के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने मेरी माटी-मेरा देश के अंतर्गत 75 पौधों के रोपण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधों के विस्मृत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम रखने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम की अध्यक्ष उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग की अतिरिक्त संचालक डॉ. संतोष जाटव, ने अगस्त क्रांति और स्वाधीनता संग्राम के साथ माटी का वंदन और वीरों के नमन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। तदुपरांत उन्होंने पंच प्रण संकल्प की शपथ के साथ सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई।



## गौरव दिवस के रूप में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** आधारताल तिराहेपर बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल के समक्ष अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ के तत्वाधान में आदिवासी दिवस को गौरवपूर्व तरीके से मनाया। सभी पदाधिकारियों ने एक मतेन होकर मणिपुर की घटना को लेकर एवं मध्यप्रदेश पर हो रहे अत्याचार महिलाओं के साथ गैंगरेप बच्चियों के साथ बलात्कार दबंगों के द्वारा जमीनों की छीनाई, जातिगत रूप से उन्हें अपमानित करना यह एक कल्चर सा बन गया है ना केंद्र सरकार ना मध्य प्रदेश सरकार उनके कान में जूं नहीं रेंग रही है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया रोशन लाल कोल जेठू लाल कोल भैया लाल गोटिया सुमित्रा गोटिया अनीता गोटिया रोमा गोटिया राजकुमार गोटिया बलबीर गोटिया अमृतलाल कॉल राजू कॉल लालू कॉल जितेंद्र गोटिया गेंदालाल कॉल शिवकुमार गोटिया गणेश स्कूल लक्ष्मी गोटिया जितेंद्र गोटिया आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहर विकास के विषयों पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता में अब तक 700 बच्चों ने लिया भाग 1600 और रजिस्ट्रेशन हुए

**जबलपुर,देशबन्धु।** साहित्यिक संस्था मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से मातृभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने एवं नगर विकास के विषयों पर स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार चौथे वर्ष भी जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जुलाई माह से विभिन्न स्कूलों में चल रही प्रतियोगिता में अभी तक 700 से अधिक बच्चों ने अपने विचार निबंध के माध्यम से लिपिबद्ध कर दिए हैं। वहीं 1600 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इस वर्ष भी कक्षा छठवीं से आठवीं तक स्वच्छ जबलपुर स्वस्थ जबलपुर विषय पर बच्चे निबंध लिख रहे हैं। वहीं कक्षा 9 वीं से कक्षा बारहवीं तक महानगर का स्वरूप लेता जबलपुर विषय पर बच्चे अपने विचार लिख रहे हैं।



# ऑफ लाइन आरोप पत्र दाखिल करना पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं

## हाईकोर्ट ने खारिज की अपील

**जबलपुर,देशबन्धु।** ऑफ लाइन मोड़ से अंतिम चार्ज दायर किये जाने को चुनौती देते हुए दायर अपील हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। दायर अपील में कहा गया था कि अंतिम चार्जशीट थाना प्रभारी द्वारा पेश की जानी चाहिये थी। इसके विपरीत विवेचना अधिकारी ने अंतिम चालन पेश किया। जस्टिस शील नागू तथा जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि ऑफ लाइन मोड़ से अंतिम चार्जशीट को पेश करना पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं माना जा सकता है।

यह अपील निलंबित आरक्षक अनुकूल मिश्रा की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि लोकायुक्त ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। न्यायालय में अंतिम चालान ऑफ लाईन मोड़ से विवेचना अधिकारी द्वारा पेश किया गया। नियमानुसार अंतिम चालान सीसीटीएनएफ मोड़ से पेश किया जाना चाहिये था। इसके अलावा अंतिम चालान थाना प्रभारी द्धारा प्रस्तुत किया जाना था। निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं किये जाने के कारण उसने दर्ज प्रकरण को खारिज करने के लिए विशेष न्यायाधीश लोकायुक्त के समक्ष आवेदन पेश किया था। न्यायालय द्वारा उसका आवेदन खारिज कर दिया गया था। जिस पर उक्त अपील दायर की गयी है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि लोकायुक्त विभाग ने विवेचना अधिकारी को चालान पेश करने के अधिकार प्रदान किये थे। युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ दायर अपील खारिज कर दी।

## मेडिकल कालेज में नर्सिंग सिस्टर की नियुक्तियां अंतिम निर्णय के अधीन

### रीवा का मामला, डीन सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने मेडिकल कालेज रीवा में नर्सिंग सिस्टर व सीनियर नर्सिंग असिस्टेंट की नियुक्तियों को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। न्यायधीश जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मेडिकल एजुकेशन विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त एवं संचालक के साथ ही श्याम शाह मेडिकल कालेज रीवा के डीन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

रीवा निवासी मोहल लाल कुम्हार की ओर से दायर मामले में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति 2007 में स्टाफ नर्स के पद पर हुई थी।




रीवा मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग सिस्टर व सीनियर नर्सिंग असिस्टेंट के 29 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 11 अक्टूबर 2022 को विज्ञापन जारी किया। आवेदकों की ओर से कहा गया कि मप्र स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 के तहत 5 प्रतिशत पद सीधी भर्ती और 95 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाने हैं। ऐसा नहीं करके कॉलेज ने सीधी भर्ती से पद भरे जाने का विज्ञापन जारी कर लिखित परीक्षा आयोजित की। इसका परिणाम 20 जून को आया। कॉलेज द्वारा की जा रही नियुक्तियां नियम विरुद्ध हैं, इसलिए प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नीलेश कोटेचा ने पक्ष रखा।

## सरपंच पद की पुनर्मतगणना मामले में जवाब-तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने खुले लिफाफे से पुनर्मतगणना के मामले में जवाब-तलब किया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता सिवनी निवासी तेजीलाल कुमरे की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि सिवनी-घंसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत सलेमा के सरपंच पद के मतों की पुनर्मतगणना का आदेश जारी हुआ था। जब इस प्रक्रिया को गति दी गई तो लिफाफा खुला था। चूंकि इससे प्रक्रिया दूषित हो गई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। इससे पूर्व अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत की गई थी, जिसे निरस्त कर दिया गया। पूर्व में करण सिंह सल्लाम ने अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष चुनाव याचिका दायर की थी। जिसके जरिए पुनर्मतगणना पर बल दिया गया था। उसी आधार पर पुनर्मतगणना की गई थी। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

## होमगार्ड सैनिकों ने सेवानिवृत्ति आयु नियम को दी चुनौती

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के चार जिलो के 11 होमगार्ड सैनिकों ने उनकी सेवानिवृत्ति आयु नियम को चुनौती दी है। न्यायधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई 11 अगस्त को निर्धारित की है।

भोपाल के रामस्वरूप शर्मा, होशंगाबाद के गया प्रसाद पटेल, बालाघाट के कंचनलाल बिसेन, रीवा के गुलाब चंद्र गौतम सहित अन्य की ओर से यह मामले दायर किये गये है। जिसमें कहा गया है कि उन्हें 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ती दी जा रही है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य शासन के अन्य विभागों की तरह होमगार्ड में भी सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी गई है। इसके बावजूद विभाग द्वारा याचिकाकर्ताओं को 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त किया जा रहा है, जोकि अनुचित है। याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में संबंधित जिला कमांडेंट होमगार्ड को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## डीएनए-एफएसएल रिपोर्ट की देरी पर जवाब के लिये मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** डीएनए-एफएसएल सहित अन्य रिपोर्ट में होने वाली देरी संबंधी संज्ञान मामले में जवाब के लिये सरकार की ओर से समय की राहत चाही गई। मुख्य न्यायधीश रवि विजय विजय मलिमठ व न्यायधीश विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त आग्रह को स्वीकार आग्रह को स्वीकार करते हुए एक सप्ताह का समय प्रदान किया है।

गौरतलब है कि डीएनए-एफएसएल रिपोर्ट सहित अन्य रिपोर्ट के आने में लेत-लतीफी को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश दिये थे। याचिका में कहा गया था कि देर से रिपोर्ट आने के कारण न्यायालय में लंबित प्रकरण की सुनवाई में देरी होती है। जिसके कारण लंबित प्रकरण की संख्या भी बढ़ती है। याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मामले में आगे हुई सुनवाई पर सरकार की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है।

जबलपुर, गुरुवार 10 अगस्त 2023 देशबन्धु


# विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी संगठन ने पाटन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## आदिवासियों ने सिविल कोर्ट चौराहे पर किया उग्र प्रदर्शन

**पाटन देशबन्धु।** मध्यप्रदेश आदिवासी संगठन पाटन एवं संयुक्त संगठनों के द्वारा 9 अगस्त विश्व को आदिवासी दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम सामुदायिक भवन पाटन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुरुवात में भव्य रैली आयोजित की गई जो सामुदायिक भवन पाटन से प्रारंभ होकर वार्ड क्रं.-2 चौधरी मोहल्ला से होते हुए बाजार वार्ड एवं थापक वार्ड होकर पुराना बस स्टैण्ड,सिविल कोर्ट चौराहे पर पहुंची इस दौरान आदिवासी संगठन के लोगों के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया।

पश्चात एस.ड़ी.एम.पाटन को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार (शोषण) को लेकर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रकाश सिंह, नीकराम



धुर्वे, जयदेव सिंह, प्रकाश करपेती, पप्पू करपेती, मीना जनपद सदस्य, झुन्नीलाल, किशोरी मरकाम, लालसिंह, बसंत सिंह, योगिराज, दुर्जन सिंह, विनोद सिंह, जगदीश सिंह, रामसिंह, ननक सिंह,सोने सिंह,सोनू, राहुल सिंह,पंचम दादा, कृपाल सिंह, मुन्ना,नीतू सिंह, गुड़ड़ी बाई, अनीता बाई,नन्ही बाई, गुड़ड़ी, हल्की बाई, सावित्री बाई सहित सैकड़ों की तादात में महिला मातृ शक्ति एवं पितृ शक्तियों ने भाग लिया।

# सीएम राइज स्कूल में ग्रामीण बच्चों का नहीं हो पा रहा एडमिशन

**कुडम, देशबन्धु।** छपरा करौंदी मोहिनी कुंडम सी एम राईज स्कूल में ग्रामीण बच्चों का नहीं हो पा रहा एडमिशन छात्राए सी एम राईज स्कूल से शिक्षा स्तर से हो रहे वंचित जिला से आ रहे कुंडम सी एम राईज स्कूल में एडमिशन कराने छात्र-छात्राएं सी एम राईज स्कूल की प्रिंसिपल प्राचार्य नहीं सुनती किसी की अपनी ही चलाती है और सबको बताती है स्कूल के नियम कुंडम से 4 किलोमीटर दूर मॉडल स्कूल छपरा करौंदी मोहिनी मैं सी एम राईज स्कूल बना है मध्य प्रदेश सरकार का करोड़ों करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है।

सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी के अथक प्रयासों से यह मॉडल स्कूल और सीएम राईज स्कूल 3 हॉस्टल खुलवाया गया है कि कुंडम क्षेत्र के 200 गांव के बच्चों को सुविधा प्राप्त हो सके और शिक्षा अच्छी मिले कुंडम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके इसलिए लेकिन सी एम राईज स्कूल के जो नियम वहां की प्रचार मैडम जी बता रही हैं उससे कुंडम क्षेत्र के ग्रामीण पालक उदासीन है और परेशान है कुछ दिन पहले दर गढ़ की एक बच्ची नाइंथ क्लास में एडमिशन कराने



आई सी एम राईज की परीक्षा भी दी उसमें वह पास हो गई लेकिन हाईएस्ट नंबरों को लेकर उस बच्ची का एडमिशन नहीं किया गया, जो कि उसके पिता जी का कुछ महीना पहले स्वर्गवास हो गया पड़ोसी लोग उसका एडमिशन कराने आए की बच्ची का भविष्य बन जाए इसका कोई नहीं है लेकिन ऐसा वहां पर नहीं हुआ है दूसरा ददरगमा चौरई के आगे वहां की एक बच्ची को भी हॉस्टल के लिए एडमिशन नहीं दिया गया यह अन्य समस्याएं हमारे क्षेत्र में व्यवधान के रूप में उत्पन्न है जो कि मध्य प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने जी जान लगा दिया सीएम राईज स्कूलों की सुविधा के लिए लेकिन कुंडम छपरा मोहिनी सीएम राईजे स्कूल में प्रिंसिपल मैडम के चलते क्षेत्रीय बच्चों को एडमिशन ना देने से जनता यहां आक्रोश है और रोज वहां भटक रहे प्रिंसिपल प्रचार मैडम का कहना है कि हमारे स्कूल में जिला के अन्य ब्लॉकों से एडमिशन लिया जा रहा है और हाईएस्ट अंकों वाले छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिया जाएगा और मुझे किसी की नहीं सुनना है और ग्रामीणों ने बताया की प्राचार्य मैडम समय पर भी स्कूल नहीं पहुंच पाती जबलपुर से उनका आना होता है।

कुंडम तहसील के आदिवासी भाइयों ने और क्षेत्रीय ग्रामीण जन लोगों ने महोदय कलेक्टर जी से एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग किया है की कोई भी गरीब बच्चा जिसका कोई नहीं है अनुपस्थिति से गिरा हुआ है उन बच्चों को सरकार से और सी एम राईज स्कूल में एडमिशन दिया जावे हॉस्टल भी उस बच्चे को मिलना चाहिए कलेक्टर साहब जी और मुख्यमंत्री से निवेदन कर ग्रामीणों ने कहा मॉडल स्कूल के बाद सीएम राईज हो गया है लेकिन आज असुविधा हो रही हैं इसका जिम्मेदार कौन है जो ग्रामीण जन छात्र छात्राओं को सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही।

## सार-समाचार

### मेरा देश मेरी माटी के तहत ग्राम पंचायत सगोड़ी में किया पौधरोपण

**मझौली, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 75 वर्ष गांठ के उपलक्ष में सबसे प्रथम सम्माननीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे भारत देश में एक ही दिन मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शिलान्यास लगाया गया उसके पश्चात पूजन पूजन के पश्चात ध्वजारोहण कार्यक्रम और सभी माताओं बहनों के द्वारा एक मटके में माटी जोड़कर मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम मनाया गया कार्यक्रम में सरपंच दीपक साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम की माताएं बहने पंच साथी शिक्षक गण उपस्थित रहे



दीपक साहू ने वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया बच्चों को और ग्राम वासियों को कार्यक्रम में दीपक साहू सरपंच सचिव कान्हा पटेल सहायक रोजगार सचिव सुखदेव यादव शिक्षक गण अखिलेश माझी बीना तिवारी मधुरी उपाध्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजनी पटेल राम विशाल पटेल पांच भक्त राज सिंह ठाकुर प्रिंस दुबे उप सरपंच सोनू नामदेव संतराम चक्रवर्ती और ग्राम की बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थिति रही।

### विश्व आदिवासी दिवस पर निकली रैली, हुए सांस्कृतिक के आयोजन

**बरेला, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नगर में. 750 आदिवासी जन जागृति सामाजिक संघ जबलपुर के तत्वाधान में रैली सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। आयोजन के पूर्व आदिवासी समाज द्वारा विशाल रैली निकाली गई. यह रैली संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए समुदायक् भवन में संपन्न हुई जहां पर आदिवासी समुदाय के नन्हे-मुन्ने बच्चों



एवं आदिवासी कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर. आदिवासी जन जागृति समाजिक संघ के पदाधिकारीश्री एम एस मरकाम, टी एस मरावी ,सीएल मरावी ,आई एस परस्ते. एसएस मरावी, हरि सिंह उरवे, काशीराम धुर्वे, सतीश वरकड़े, राजेंद्र मरावी, केशव चेचाम आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एबिलंपिक्स प्रतिस्पर्धा का आयोजन



**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय एबिलंपिक्स प्रतिस्पर्धा का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है इसका आयोजन नेशनल एंबलमपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा, जबलपुर में इसके पंजीयन हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया जो कि समन्वय सेवा केंद्र जबलपुर एवं रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के संयुक्त प्रयास से संपन्न किया गया इस रजिस्ट्रेशन कैंप में 150 से अधिक दिव्यांग जनों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है और संयोजक श्री रजनीश अग्रवाल जी ने यह जानकारी दी कि रीजनल एबिलंपिक्स का आयोजन जबलपुर में ही किया जाएगा

कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी के आशीर्वचन से हुईइस कार्यक्रम मे दिल्ली से रजत मोहन जी, ग्वालियर से संस्था से दीपक द्विवेदी, आत्माराम रिछारिया ललितपुर यूपी, उत्तमराव जी जबलपुर, अर्चना गुप्ता छतरपुर पधारे रोटरी क्लब जबलपुर साउथ से अध्यक्ष रवि वैश्य, आगामी अध्यक्ष रोहित माटा,पूर्व अध्यक्ष प्रमोद वैश्य, पूर्व अध्यक्ष अजय बघेल, कौशल किशोर अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजेंद्र नेमा उपस्थित हुए। अध्यक्ष रवि वैश्य ने रोटरी साउथ की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं इस कार्यक्रम हेतु दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनने का जो अवसर प्रदान हुआ है इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया है।




# चल चरखा दिवस पर आयोजित फैशन शो संपन्न

**पाटन, देशबन्धु।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति जबलपुर के द्वारा संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनि राज एवं मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से परम पूजनीय आर्यका आदर्श मति माताजी एवं दुर्लभ मति माताजी के पावन सानिध्य में चल चरखा दिवस लाखा भवन पुरानी चढ़ाई में संपन्न हुआ जिसमें झंडा सत्याग्रह के प्रणेता नगर निगम के प्रथम सभापति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू कनछेदीलाल जैन लाल बंग्ला की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह,अन्नू यामिनी सिंह,विनय सक्सेना,संजय यादव एवं विधायक अजय विश्नोई, अलका विश्नोई,पर्यटन विभाग निगम के अध्यक्ष पंडित विनोद गोटिया, माया इंदु तिवारी, मनीषा अशोक रोहाणी, टीके विद्यार्थी पूर्व विधायक सुनील जैन, विभास जैन, डॉ नीलेश जैन सहित जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन,सत्येंद्र जैन, प्रदीप जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में हथकरघा से निर्मित आधुनिक वस्त्रों को पहनकर करीब 100 महिलाओं ने हिस्सा लिया एवं सभी महिलाओं को उक्त कार्यक्रम में स्वदेशी हथकरघा वस्त्र अपनाने की प्रेरणा देते हुए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्रों से जिन विभूतियों ने अपना विशेष योगदान दिया है उनका सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया जिसमे महिला जगत से श्रीमती विमला चौधरी,सुषमा चौधरी,गीता शरद तिवारी,आराधना चौहान,शिखा खटवानी,मिश्री जैन,श्रीमती आशा देवरिया, शर्मिला जैन का सम्मान किया गया शांति और सौहार्द व्यवस्था में सीएसपी गोहलपुर अखिलेश गौर एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रेम शंकर तिवारी, संजय राठौर, राजेश नायक, अफरोज खान, आशिफ खान सम्मानित किया गया।

## शासकीय कला महाविद्यालय में नवीन भवन का लोकार्पण आज

**पनागर, देशबन्धु।.** नगर के एकमात्र शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत रुपये 222.29 लाख से निर्मित 卐नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज 10 अगस्त को सुबह 10ः30 बजे मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं राकेश सिंह जी, सांसद (संसदीय क्षेत्र जबलपुर) के मुख्य आतिथ्य में सुशील तिवारी जी (इंदू भैया) विधायक, विधानसभा क्षेत्र पनागर की अध्यक्षता में नवीन भवन महाविद्यालय प्रांगण पनागर में आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय में प्रभारी प्रचार प्राचार्य डॉ पीके जैन कार्यक्रम संयोजक अवधेश दुबे जी तथा गोवर्धन खेतपाल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति महाविद्यालय ने कार्यक्रम कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि नगर के गणमान्य जनों से उपस्थित होने की अपील की है।

# पांच साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगेंगे टीके

**पाटन देशबन्धु।** विभिन्न संक्रमणों और जानलेवा बीमारियों से पांच साल तक के बच्चों को बचाने हेतु सरकारी अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। पार्षद शेख अमजद ने बताया कि 1 से 5 साल तक के बच्चों का टीका जरूर लगवाए इससे बच्चों को आने वाली बीमारियों से बचने यह टीका



बहुत फायदेमंद रहेगा और भविष्य में आपके बच्चे को कोई भी बीमारी नहीं होगी इसलिए वार्ड न 12 एवं निकाय क्षेत्र में रहने वाले माता-पिता अपने-अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाए। वार्ड नंबर 12 के आंगनवाड़ी केन्द्र पर बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा हैं। वार्डवासी आंगनबाडी केंद्र पर पहुंचकर अपने बच्चों को टीका जरूर लगवाए।

## अवधेश कुमार दीक्षित का निधन

**गोसलपुर, देशबन्धु।**कछपुरा गोसलपुर निवासी 72 वर्षीय अवधेश कुमार दीक्षितस दीक्षितसेवानिवृत्त जिला सहकारी ब्रांच मैनेजर का बुधवार को सुबह अचानक हृदय गति रुक जाने से स्वर्गवास हो गया है,जिनकाअंतिम संस्कार बाबाताल मुक्ति धाम सिहोरा मे आज गुरुवार को सुबह 9 बजे होगा आप आकाश अमित दीक्षित के पिता एवम राजेन्द्र एवम अनिल दीक्षित के बड़े भाई थे।



## पाटन विधायक अजय विश्नोई ने किया सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क का भूमि पूजन

**मझौली देशबंधु।** पाटन विधायक अजय बिश्नोई के द्वारा आज दिनांक को मझौली क्षेत्र के आसपास में निवास करने वाले कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ मझौली में कुर्मी क्षत्रिय लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क का भूमि पूजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई उपस्थित रहे एवम कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष चौधरी विवेक पटेल भी उपस्थित रहे एवम कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी स्वजातीय बंधु उपस्थिति रहे और कुर्मी समाज के जिला एवम प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास के संदेश सामाजिक समरसता के लिए प्रेरणादायक हैं : नंदनी

## समरसता यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत

**गोसलपुर, देशबन्धु।** कल बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के मंदिर निर्माण के लिए निकाली जा रही संदेश यात्रा सिहोरा विधानसभा के प्रवेश द्वार गांधीग्राम जैसे ही पहुंची क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ढोल नगाड़े पुष्प वर्षा चरण पादुका का पूजनकिया व आसपास की नदियों के संग्रहण जल व मिट्टी को विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ने रथ यात्रा प्रभारी को भेंट किए

इस मौके पर समरसता यात्रा का सिहोरा विधानसभा के गांधीग्राम गोसलपुर कछपुरा जुझारी घाट सिमरिया में स्थानीय ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों भाजपा नेताओं जन अभियान परिषद के सदस्यों व रविदास समाज के लोगों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। वही गोसलपुर मे संत रविदास आश्रम मे जनसंवाद आयोजित हुआ जनसंवाद को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ने कहा संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये समरसता यात्रा निकाली जा रही है जिससे हमारे समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का वातावरण बने संत रविदास ने ईश्वर भक्ति के संदेशों को भी समाज में प्रसार करने का काम किया है। इस अवसर पर-विधायक श्रीमती नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरखड़े भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल महामंत्री राजेश दाहिया अनुपम सराफ मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल जनपद सदस्य अनिल चौधरी महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजपूत सचिव प्रदीप यादव अनिल दत्त तिवारी विजय पटेल देवेन्द्र पटैल जितेन्द्र पालीवाल ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य पदाधिकारी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकासखंड समन्वयक आशीष जैन जनसेवा समिति के सदस्य संत रविदास स्वाभिमान समिति की टीम सहित तहसील प्रशासन के समस्त अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# वामा शिक्षा व सामाजिक समिति का बच्चों के लिए विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## एवी किड्स स्कूल महाराजपुर में हुआ आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** वामा शिक्षा एवं सामाजिक समिति जबलपुर द्वारा एवी किड्स स्कूल महाराजपुर में बच्चों के लिए विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य जांच की गई इस जांच में वर्तमान समय में मौसम के बदलाव और उमस भरी गर्मी के बीच बच्चों में वायरल फीवर डिहाईड्रेशन आंखों का संक्रमण जैसे अन्य रोग उत्पन्न हो रहे हैं स्कूल के बच्चों को इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से उपचार एवं बचाव के लिए प्रेरित किया गया।



संस्था के अध्यक्ष श्री जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि हमारे विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों को इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर बच्चों में व्याप्त वायरल से बचाव कराया जा रहा है। एवी किड्स स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के लगभग 150 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क दवाएं बांटी गई स्वास्थ्य शिविर में सिविल अस्पताल सिहोरा के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोहित साहू एवं सहायक डॉक्टर मणिकांत दहायत प्रिया पटेल के सहयोग से मेडिकल टीम का विशेष योगदान रहा शिविर में आए बच्चों के माता-पिता को मेडिकल टीम द्वारा वर्तमान मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को नियमित दिनचर्या एवं पोषक आहार के द्वारा कैसे बेहतर बनाएं इसकी अहम जानकारी भी दी गई इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य मधु त्रिपाठी सहायक अध्यापिका सपना ठाकुर कीर्ति मिश्रा रेखा तिवारी खुशी दीक्षित सच्चीदा जैन अमित कुमार सोनी वीरेंद्र कुमार पटेल उपस्थित रहे।

## झांसी बेला सब स्टेशन का भूमि-पूजन आज

**गोसलपुर, देशबन्धु।** आर डी एस एस प्रस्तावित नवीन 33/11 के.व्ही. झांसी ( सबस्टेशन का निर्माण होने पर ग्राम-झांसी, बला, सिलुआ, किरिया पडकला बने मह, मद, रामनगर, खमरिया, रानीताल, निन्दौरा, बेली, पचडी कंवलारी कुड़वा पिपरसरा, भीरखा, खजरी, सहित कुल 19 ग्रामों के 1025 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 2450 घरेलू उपभोक्ताओं की गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही रखिरिया, सबस्टेशन का भार कम होने से देवरी, खम्हरिया (देवरी), घुटना, भटम भदमकला, भदमसानी, रमखिरिया, संजयनगर अलगांड़ा, रिटरी, खागामऊ कटवा सिमरिया, मानगांव, कुँआखंड, झांझा बंधा पोलीटोरिया शहपुराहार हिनोतिया सहित कुल 21 ग्रामों में 912 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 1929 घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसी तारतम्य में गुरुवार दिनांक 10 अगस्त 2023 समय दोपहर 1ः30 बजे स्थानः झांसी मेंममुख्य अतिथी राकेश सिंह जी सांसद, प्रहलाद उपाध्याय सरपंच की उपस्थिति में होगा।



# जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त रिपटा से आवाजाही करने मजबूर ग्रामीण

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक की जमुनिया पंचायत के अंतर्गत आने वाली सड़क, जमुनिया से देवरी,चिखली मार्ग पर पड़ने वाले नाले का रिपटा पूर्व में क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से लंबे समय से आवागमन कर रहे है। वही रिपटा के क्षतिग्रस्त होने की वजह से चार पहिया वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। विगत दिनों हुई मूसलाधार बारिश में इस मार्ग का यातायात प्रभावित होने की भी जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जमुनिया मार्ग से ही घर्रा,चिखली,देवरी गांव के ग्रामीण अपना आना जाना करते है। लेकिन इन गांवो में निवास करने वाले ग्रामीण विकास की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं कि कब मौजूदा विधायक की नजर इस मार्ग पर पड़ जाय और क्षतिग्रस्त हुए रिपटा पर ग्रामीणों को नए पुल या फिर क्षतिग्रस्त रिपटा की रिपेयरिंग की सौगात मिल जाए। जब इस संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए पंचायत सचिव से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट में सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पंजगुर जिले में एक वाहन के पास हुए बम विस्फोट में एक स्थानीय राजनेता, सरकारी अधिकारियों और पुलिस सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पंजगुर जिले के उपायुक्त अमजद सोमरो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह घटना सोमवार देर रात हुई उस समय हुए जब एक शादी समारोह से लौट रहे यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य लोगों के वाहन सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि बम को रिमोट कंट्रोल के जरिए विस्फोट किया गया और विस्फोट में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया।

# इमरान को जेल भेजा, शहबाज शरीफ भी देंगे प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज पद स् इस्तीफा दे सकते हैं और पाक संसद को भंग करने की सिफारिश कर सकते हैं। शरीफ ने कहा है कि वह समय से पहले नेशनल असेंबली भंग करने के लिए आज (बुधवार, 9 अगस्त को) राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को पत्र लिखेंगे। उनके इस कदम का मकसद साल के अंत में प्रस्तावित आम चुनावों के लिए अतिरिक्त समय पाना है। शरीफ ने इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा,हमारी(सरकार का) कार्यकाल कल पूरा करने के बाद, मैं असेंबली भंग करने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखूंगा और इसकी सिफारिश करूंगा।। इसके बाद एक अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी।

पाक संसद के निचले सदन का पांच साल का कार्यकाल 12 अगस्त को समाप्त हो रहा है। राष्ट्रपति अल्वी के प्रधानमंत्री की सलाह स्वीकार नहीं करने की स्थिति में असेंबली इसके (सलाह देने के) 48 घंटों के अंदर स्वतः ही भंग हो जाएगी। अल्वी, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के पूर्व नेता हैं। इमरान खान को कुछ दिनों पहले ही तोशखाना मामले में तीन साल की जेल हुई है।



प्रधानमंत्री पद छोड़ने का संकेत देते हुए शहबाज ने रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय का मंगलवार को दौरा किया। जहां प्रधानमंत्री शरीफ का चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल आसिम मुनीर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज ने कहा कि उन्होंने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नामों के सिलसिले में प्रधानमंत्री से अब तक मुलाकात नहीं की है, ना ही मशविरा किया है। उन्होंने कहा, मैं कल मिलने की उम्मीद कर रहा हूं जिसमें इन चीजों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि परामर्श सही समय पर होगा। रियाज ने कहा कि उन्होंने सहयोगी दलों के साथ परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली है और कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए तीन नामों पर लगभग 90 प्रतिशत सहमति बन गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों ने कहा है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नीत गठबंधन सरकार और दो दिन और सत्ता में रह सकती है और संसद को 11 अगस्त को भंग करेगी, लेकिन यह अंदेशा है कि राष्ट्रपति अल्वी नेशनल असेंबली भंग करने की अधिसूचना तुरंत जारी करने से इनकार कर सकते हैं। यही कारण है कि नेशनल असेंबली भंग करने की सलाह तीन दिन पहले दी जा रही है ताकि राष्ट्रपति के इस पर सहमत होने से इनकार करने की स्थिति में भी सदन अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो जाए। इससे निर्वाचन आयोग को चुनावों को लिए 90 दिन का समय मिल जाएगा।

नेशनल असेंबली के अपना कार्यकाल पूरा करने की स्थिति में निर्वाचन आयोग 60 दिनों के अंदर चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, गृह मंत्री राणा सनाउल्ला ने कहा कि आम चुनाव कराने में विलंब होने की संभावना है। उन्होंने मंगलवार को जियो न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि 2023 चुनावी साल नहीं है। सनाउल्ला ने कहा कि जनगणना अधिसूचित होने के बाद परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, कार्यवाहक सरकार इस संवैधानिक जरूरत को पूरा करते हुए परिसीमन प्रक्रिया पूरी करेगी।मंत्री ने कहा कि इस प्रक्रिया में 120 दिन लगेंगे। उन्होंने कहा,परिसीमन की यह प्रक्रिया जितनी जल्द पूरी हो जाएगी, उसके बाद अल्लाह ने चाहा तो चुनाव हो जाएंगे। कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका के लिए विचारार्थ नाम के बारे में सनाउल्ला ने कहा कि चर्चा जारी है और अभी तक किसी नाम पर निर्णय नहीं लिया गया है।

## पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने सुनाया फैसला

# सियासी पिच पर रनआउट, पांच साल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इमरान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने आज यह फैसला सुनाया। सियासत की पिच पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रनआउट हो गए हैं। इसके साथ ही वह पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इमरान खान को हाल ही में तोशाखाना केस में सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि जेल में बंद इमरान खान ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें दोषी ठहराए जाने के एक निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। मंगलवार को अपनी अपील में उन्होंने कह कि एक पक्षपातपूर्ण न्यायाधीश का फैसला उचित प्रक्रिया और निष्पक्ष सुनवाई के चेहरे पर तमाचा और न्याय का घोर उपहास है।

पाकिस्तान को 1992 में विश्वकप जिताने वाले इमरान खान 2018 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि साल भर पहले अविश्वास प्रस्ताव में हार जाने के बाद पद से हटना पड़ा। इमरान के खिलाफ 100 से अधिक मामले हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए अपने फायदे के लिए कीमती तोहफे बेचे। इमरान ने चुनाव आयोग को दी गई संपत्ति की घोषणा में उसका ब्योरा नहीं दिया था। चुनाव आयोग ने बाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में शिकायत दर्ज की थी कि पीएम रहते हुए इमरान को जो गिफ्ट मिले उसे उन्होंने बेच दिया। इस मामले में उन्हें आपराधिक कानूनों के जरिए सजा की भी मांग की गई थी। इस्लामाबाद की एक अदालत द्वारा तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान (70) को भ्रष्टाचार का दोषी ठहराए जाने के तुरंत बाद शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत ने खान को तीन साल जेल की सजा सुनाई है।

वह इस समय अटक जेल में हैं। वहीं, पंजाब पुलिस के अनुसार खान की गिरफ्तारी के बाद से प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 200 से अधिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पीटीआई ने आरोप लगाया है कि न केवल पुलिस ने खान की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे उसके कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया बल्कि उसने पार्टी पदाधिकारियों को हिरासत में लेने के लिए उनके घरों पर छापा मारा।

**अंधेरे कमरे में रखने का आरोप**

इमरान खान के अटॉर्नी जनरल नईम हैदर पंजोठा ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष को पंजाब प्रांत में स्थित जेल में सी-श्रेणी की सुविधाएं दी गयी हैं।

उन्होंने बताया कि देश की विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को जेल की जिस कोठरी में रखा गया है वहां मक्खियां तथा खटमल भरे पड़े हैं। पंजोठा ने सोमवार को खान से जेल में मुलाकात करने के बाद कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री छोटे-से कमरे में बंद हैं जिसमें खुले में शौचालय बना हुआ है। पंजोठा ने कहा कि खान ने उन्हें बताया है कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया और पुलिस ने लाहौर में उनके घर में उनकी पत्नी के कमरे का दरवाजा तोड़ने की कोशिश भी की थी।

## जेब में छिपा रखे थे 14 जहरीले सांप, पोर्ट पर चेकिंग के दौरान अधिकारी भी रह गए सन्न

**बीजिंग।** चीन में जानवरों के प्रति हिंसा के मामले अकसर सामने आते रहते हैं। अब एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स अपनी जेब में 14 सांप छिपाकर ले जा रहा था। पोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। दरअसल उसके हावभाव देखकर अधिकारियों को शंका हो गई और उन्होंने उसकी जांच की तो जेब से 14 सांप निकले। चीन और हॉन्गकॉन्ग की सीमा के पास स्थिति फूटियान पोर्ट पर उसे गिरफ्तार कर लियागया। यह पोर्ट शेंजेन सिटी में है। कस्टम के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी असहज महसूस कर रहा था और अधिकारियों के साथ नजर मिलाने से बच रहा था। इसके बाद अधिकारियों ने उसके सामान की तलाशी लेनी शुरू की। पता चला कि वह सूती मोजे में 14 सांप रखे हुए था। उसने काले रंग का ड्रेस पहना था और एक सफेद टोपी लगा रखी थी। चेकपॉइंट पर वह बार-बार अपनी जेब टटोल रहा था। पकड़ में आने के बाद उसके पास से मिले सांपों को प्लास्टिक के एक कंटेनर में बंद कर लिया गया और बाहर छोड़ दिया गया। इन सांपों में एक बॉल पाइथन भी था। कई ऐसी प्रजातियों के सांप भी थे जिनके अस्तित्व पर खतरा है और यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर ने उन्हें रेड लिस्ट में रखा है। डेली स्टार के मुताबिक चीन के कानून में कहा गया है कि अगर किसी भी जानवर को दूसरे देश ले जाया जा रहा है तो पहले उन्हें क्वैरंटाइन किया जाएगा और फिर छोड़ा जाएगा।

# ईरान और तालिबान के बीच होगा दुनिया का पहला जल युद्ध? हेलमंड नदी को लेकर सीमा पर बढ़ा तनाव

**काबुल।** अफगानिस्तान में शासन करने वाले तालिबान और पड़ोसी ईरान के बीच तनाव बेहद बढ़ गया है। हाल यह है कि तालिबान ने सीमा पर हजारों लड़ाके और आत्मघाती हमलावर भेज दिए हैं। दरअसल मई में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने अफगानिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर वह जल समझौते का सम्मान नहीं करेगा तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। इसके बाद तालिबान की तरफ से ईरान का मजाक उड़ाया गया और 20 लीटर पानी का कंटेनर गिफ्त के तौर पर भेज दिया गया। तालिबान नेता ने कहा कि ईरान इस तरह की धमकी देना बंद करे। अब सूत्रों का कहना है कि ईरान और तालिबान दोनों युद्ध के लिए सज हो गए हैं।

**तालिबान ने सीमा पर भेज दिए आत्मघाती हमलावर-** लंबे समय से कहा जाता है कि अगला विश्वयुद्ध पानी के लिए हो सकता है। यह तो सिर्फ एक कयास है लेकिन ईरान और तालिबान के बीच पानी के लिए यह दुनिया की पहली लड़ाई हो सकती है। हाल ही में सीमा पर दोनों ओर से हुई गोलीबारी में दोन ईरानी सैनिक और एक तालिबानी लड़ाका मारा गया था। तालिबान दो दशकों से अमेरिका से लड़ रहा था। पहले से ही अस्थिर इस क्षेत्र में अब जल का संकट गहरा रहा है।

**हेलमंड नदी को लेकर विवाद-** दरअसल जलवायु परिवर्तन की वजह से अफगानिस्तान के पहाड़ों से निकलने वाली हेलमंड नदी में पानी कम हो गया है। एक एनजीओ के अध्यक्ष ने कहा कि अफगानिस्तान में 1950 के बाद से तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। ऐसे में कभी सूखा और कभी बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है।

**क्या था ईरान और अफगानिस्तान के बीच समझौता-** 1973 में अफगानिस्तान और ईरान के बीच समझौता हुआ था कि सामान्य परिस्थितियों में अफगानिस्तान ईरान के लिए पर्याप्त नदी का पानी छोड़ेगा। यह नदी हिंदुकुश के पहाड़ों से निकलती है और लगभग 1 हजार किलोमीटर अफगानिस्तान में बहती है। इसके बाद यह ईरान में प्रवेस खरती है। यह अफगानिस्तान की सबसे बड़ी नदी है जिसपर यहां की कृषि और लाखों लोग आधारित हैं। वहीं ईरान में भी लाखों लोग इस नदी पर आधारित हैं। ईरान का कहना है कि तालिबान ने पानी की सप्लाई कम कर दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कानानी ने कहा, तालिबानी सरकार बिना किसी जानकारी के पानी की सप्लाई कम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 2021 से ही ईरान पानी की सप्लाई का विषय उठाता रहा है। वहीं तालिबान के प्रवक्ता ने मई मे ही कहा था कि समझौते में इस बात का जिक्र था कि सूखे के समय पानी को अजस्ट किया जा सकता है। लेकिन ईरान बातचीत करने को तैयार नहीं है और युद्ध को तैयार हो गया है।

**अपील** *मणिपुर की राज्यपाल की सभी राज्यों के समकक्षों से अपील*

# विभिन्न राज्य में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा करें सुनिश्चित

**इंफाल, (एजेंसियां)। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सभी राज्यों के राज्यपालों और केंद्र शासित प्रदशों के उपराज्यपालों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने राज्यों में पढ़ाई कर रहे राज्य के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। राजभवन के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा कि।**

राज्यपाल उन छात्रों को लेकर बेहद चिंतित हैं जो तीन मई को राज्य में भड़की जातीय हिंसा के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रम कर रहे हैं।

अपने सभी समकक्षों को लिखे पत्र में उन्होंने पहले उनसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था कि मणिपुर के छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। अनुसुइया उइके ने कहा कि सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों ने कहा कि उन छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है और उनकी शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित नहीं होंगी।

मणिपुर की राज्यपाल ने सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों के प्रति आभार प्रकट किया है। राजभवन के एक बयान में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण समय में मणिपुर के छात्रों को अमूल्य सहयोग दिया गया है।



इसमें कहा गया है कि तमिलनाडु और नगालैंड के राज्यपालों ने जरूरत पड़ने पर तमिलनाडु (20 छात्र) और नगालैंड (238 छात्र) के उन छात्रों को अपेक्षित सहायता देने का आश्वासन दिया है।

बयान में कहा गया है, राज्यपाल का दृढ़ विश्वास है कि स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने तक सभी संबंधित लोग अपनी मदद देना जारी रखेंगे। इसके अलावा, उनका यह भी मानना है कि जब भी जरूरत होगी, वे छात्र मदद के लिए संबंधित राज्यपाल के सचिवालय से संपर्क कर सकते हैं।

वहीं मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मणिपुर में जातीय हिंसा को देखते हुए इंफाल स्थित सीएयू में बीएससी के चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रहे मेघालय के छात्रों के लिए अंतरिम व्यवस्था करने के मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। संगमा ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ सोमवार को तोमर से मुलाकात की और इस मामले पर एक अनुरोध पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि मणिपुर की राजधानी इंफाल स्थित सीएयू को मेघालय के छात्रों को अपने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के संचालन का भी निर्देश दिया जाए। पत्र में संगमा ने तोमर से ऐसी व्यवस्था करने का अनुरोध किया ताकि बीएससी चौथे वर्ष के छात्र मेघालय में अपना ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम संचालित कर सकें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से सीएयू इम्फाल के सभी मेघालयी छात्रों को हिंसा प्रभावित मणिपुर में स्थिति सामान्य होने तक मेघालय के किर्डेमकुलई में सीएयू परिसर में स्थानांतरित करने की भी अपील की ताकि वे बिना किसी रुकावट के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

## आज का इतिहास

1809 –इक्वाडोर को स्पेन से आजादी मिली।

1822 –सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20 हजार लोगों की मौत.

1831–कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत।

1894 –वी वी गिरी का जन्म

1966 –अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा।

1962 –आज ही के दिन बच् चों का च हेता स् पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया।

1977–ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल बाद उत्तरी आयरलैंड का दौरा किया।

1979 –उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 प्रक्षेपित।

## सुडोकू 6282


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6282



**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

## वर्ग पहेली-6281

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रा | णा | धा | र | | | ख | ल | ब | ली |
| तः | | रा | | वि | क | ट | | ल | |
| का | ल | वा | च | क | | प | रि | वा | र |
| ल | | हि | | ल | ला | ट | | | ति |
| | नि | क | ट | ता | | | औ | जा | र |
| | र्भी | | ह | | प | र | ला | | म |
| नौ | क | रा | नी | | ह | | द | क्षि | ण |
| ज | | ज | | कु | ली | न | | ति | |
| वा | र्षि | क | | सु | | व | न | जा | त |
| न | | र | ह | म | दि | ल | | | रू |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैट टर्नर के साथ चार साल का करार किया



**लंदन।** प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने बुधवार को घोषणा की कि उसने आर्सेनल से यूएसए के गोलकीपर मैट टर्नर के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। मैट टर्नर ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे उन्हें 2027 की गर्मियों तक द सिटी ग्राउंड में रखा जाएगा। वह फॉरेस्ट के गोलकीपिंग समूह के हिस्से के रूप में हमवतन एथन होर्वाथ के साथ जुड़ गए हैं। फरवरी 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से टर्नर ने संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए 32 मैच खेले हैं और इस गर्मी में इस खिलाड़ी ने कोनकाकाफ गोल्ड कप अभियान के दौरान अपने देश की कप्तानी की थी। ओला आइना और एंथोनी एलंगा के आगमन के बाद 29 वर्षीय फॉरेस्ट ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण विंडो पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा खिलाड़ी बन गया। टर्नर के कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

# भारत-पाक सहित नौ विश्व कप मैचों की तारीख बदली गई



**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले की तारीख 15 से बदलकर 14 अक्टूबर कर दी गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को यह पुष्टि की।

आयोजकों ने पिछले महीने जारी किये गये विश्व कप कार्यक्रम में कुल नौ मैचों की तिथियों में बदलाव किये। भारत और पाकिस्तान के मुकाबले की तारीख बदले जाने के कारण 14 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला 15 अक्टूबर के लिये स्थगित कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अहमदाबाद पुलिस ने हाल ही में विश्व कप आयोजकों को सूचित किया था कि 15 अक्टूबर हिन्दुओं के पावन त्योहार नवरात्रि का पहला दिन है, जिसके कारण वह मैच में सुरक्षा नहीं दे सकेगी। अहमदाबाद पुलिस की तरह ही कोलकाता पुलिस ने भी काली पूजा के दिन 12 नवंबर को ईडन गार्डन में पर्याप्त सुरक्षा देने में असमर्थता व्यक्त की थी। आयोजकों ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड मुकाबले को 12 की जगह 11 नवंबर को आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और बंगलादेश (पुणे, सुबह 10ः30 बजे) भी 12 की जगह 11 नवंबर को भिड़ेंगे।

इस बीच, नीदरलैंड के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच अब 11 से 12 नवंबर तक स्थानांतरित कर दिया गया है, जो कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जायेगा।

इसके अलावा आईसीसी और मेज़बान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीन अन्य मुकाबलों के आयोजन में बदलाव किया है।

हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मुकाबला 12 अक्टूबर की जगह 10 अक्टूबर को खेला जायेगा। लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का बड़ा मैच 24 घंटे पीछे चला गया है और अब दोनों टीमें 13 अक्टूबर के बजाय 12 अक्टूबर को एक दूसरे से टकराएंगी।

इसी तरह, बंगलादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड का मैच मूल रूप से 14 अक्टूबर को चेन्नई में सुबह 10ः30 बजे शुरू होना था, लेकिन अब यह 13 अक्टूबर को अपराह्न दो बजे शुरू होगा।

टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण में एक मामूली बदलाव धर्मशाला में बंगालेश-इंग्लैंड मैच के समय के संदर्भ में किया गया है। दोनों टीमें स्थानीय समयानुसार सुबह 10ः30 बजे से मैदान पर उतरने वाली थीं, लेकिन अब यह मुकाबला अपराह्न दो बजे शुरू होगा।

एकदिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर को 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा, जबकि इसका फाइनल 19 नवंबर को खेला जायेगा। टूर्नामेंट का आगाज़ और अंजाम दोनों नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर होगा। इस शीर्ष आयोजन के लिये टिकटों की बिक्री 25 अगस्त को शुरू होगी।

## विश्व कप की टिकट बिक्री 25 अगस्त से शुरू

मुंबई। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकट 25 अगस्त से बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने बताया कि टिकटों की अपेक्षित मांग को प्रबंधित करने के लिये बिक्री चरणों में की जाएगी। भारत के अलावा अन्य टीमों के अभ्यास मैच और लीग चरण मैचों के टिकट 25 अगस्त को उपलब्ध होंगे। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के मैचों के टिकट 30 अगस्त को उपलब्ध होंगे। चेन्नई, दिल्ली और पुणे में भारत के मैचों के टिकट 31 अगस्त को उपलब्ध होंगे। धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में होने वाले भारत के मैचों के टिकट एक सितंबर से खरीदे जा सकेंगे, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में होने वाले भारतीय टीम के मैचों की टिकट बिक्री दो सितंबर को शुरू होगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भारत के मैचों के टिकट तीन सितंबर को बिकेंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर को खरीदे जा सकेंगे। क्रिकेट प्रेमी टिकट बिक्री से संबंधित सूचनाएं सबसे पहले हासिल करने के लिये क्रिकेट वर्ल्ड कप डॉट कॉम पर पंजीकरण कर सकते हैं। बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमांग अमीन ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रशंसक आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक टिकटों पर जानकारी और अपडेट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण कर सकते हैं।

# वनडे में मेरे आंकड़े खराब, इसे मानने में कोई शर्म नहीं : सूर्यकुमार



**गयाना** । भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया है कि वनडे क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, हालांकि वह एकदिवसीय विश्व कप की ओर बढ़ते हुए इस प्रारूप में बेहतर बनने की कोशिश कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में मेरे आंकड़े काफी खराब हैं। यह मानने में कोई शर्म नहीं है। हम ईमानदारी के बारे में बात करते हैं, आपको ईमानदार होने की ज़रूरत है लेकिन यह और भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने खेल में कैसे सुधार करते हैं।

सूर्यकुमार वेस्ट इंडीज दौरे पर हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में मात्र 78 रन बना सके। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोटग्रस्त होने के बाद सूर्यकुमार भारतीय मध्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं और उन्हें विश्व कप में भी यह भूमिका निभानी पड़ सकती है। सूर्यकुमार ने कहा, हमने इतना टी20 क्रिकेट खेला है कि हम उसके आदी हो गये हैं। हम उतना एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेलते इसलिये यह प्रारूप काफी चुनौतीपूर्ण है। आपको इसमें अलग-अलग तरीके से खेलना आना चाहिये। अगर शुरुआत में कुछ विकेट गिर गये तो आपको संयम के साथ खेलना होगा, मध्य ओवरों में रन निकालने होंगे और आखिरी ओवरों में टी20 वाला रवैया अपनाना होगा।

उन्होंने कहा, फिलहाल, टीम प्रबंधन ने मुझे वनडे क्रिकेट के बारे में जो बताया है, मैं उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उस विश्वास को बनाये रखने की कोशिश करूंगा जो टीम को मुझ पर है। सूर्यकुमार को वनडे क्रिकेट में पहले नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिये कहा गया था, लेकिन टी20 में उनके प्रदर्शन को देखते हुए टीम प्रबंधन ने उन्हें नंबर छह पर आज़मने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) भाई ने मुझसे कहा है कि यह ऐसा प्रारूप नहीं है जो हम बहुत ज्यादा खेलते हैं। वह चाहते हैं कि मैं क्रीज पर समय बिताऊं और 45 से 50 गेंदें खेलूं। यही टीम प्रबंधन का संकेत है, अब यह मुझ पर है कि मैं अंतिम 15-18 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मुझे अपना खेल कैसे खेलना है।

सूर्यकुमार ने मंगलवार को वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 44 गेंदों में 83 रन की पारी खेलकर भारत को सात विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने इस करो या मरो मुकाबले में तिलक वर्मा (37 गेंद, 49 रन) के साथ 87 रन की साझेदारी की, जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुई।

सूर्यकुमार ने तिलक पर कहा, %मुझे लगता है कि उसकी सोच बहुत स्पष्ट हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानता है। उसे पता है कि जब वह बल्लेबाजी करने आता है तो क्या करना चाहता है। मानसिक रूप से वह बहुत मजबूत है और जब आप भारतीय ड्रेसिंग रूम में आते हैं तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात होती है।

# अगले हफ्ते तक हो सकता है राहुल की फिटनेस का फैसला



**बेंगलुरु।** दाहिनी जांघ की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे केएल राहुल की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सप्ताह की शुरुआत तक स्पष्टता दे सकता है। क्रिकबज़ की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, राहुल इस सप्ताहांत बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर अंतिम निर्णय लेगी। रिपोर्ट के अनुसार राहुल 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। इसी कारण एनसीए ने अभी तक बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति को औपचारिक रूप से उनकी उपलब्धता के बारे में सूचित नहीं किया है। जिन लोगों ने हाल ही में राहुल से मुलाकात की है उन्होंने उल्लेख किया है कि एनसीए में चल रहे लेवल-3 कोचिंग सत्र के दौरान वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। राहुल के करीबी लोगों ने यह भी दावा किया है कि वह आवश्यक कार्यभार का लगभग 85 प्रतिशत प्रबंधन करने में सक्षम हैं। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि शेष 15 प्रतिशत अभ्यास मैच में ही दिखाया जा सकता है। आमतौर पर, खिलाड़ियों को अभ्यास मैचों में तब तक भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक कि वे 85 प्रतिशत फिटनेस हासिल न कर लें। इसके अलावा, एनसीए की नीति यह है कि जब तक कोई खिलाड़ी अभ्यास मैच में भाग नहीं लेता और सुरक्षित वापस नहीं आ जाता, तब तक उसे हरी झंडी नहीं दिखाई जाती। उल्लेखनीय है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के एक मैच में फील्डिंग करते हुए राहुल की जांघ की मांसपेशी खिंच गयी थी।

# गयाना में सूर्य चमका, भारत की सात विकेट से जीत



**गयाना।** भारत ने कुलदीप यादव (28/3) की नायाब गेंदबाजी और सूर्यकुमार यादव (44 गेंद, 83 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत तीसरे टी20 में मंगलवार को वेस्ट इंडीज पर सात विकेट से जीत दर्ज की। वेस्ट इंडीज ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 40 रन) के तूफानी योगदान की मदद से भारत के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा।

भारत ने करो या मरो मुकाबले में यह लक्ष्य 17.5 ओवर में हासिल कर सीरीज की हार टाल दी। वेस्ट इंडीज 15 ओवर में 106 रन ही बना सकी थी मगर पॉवेल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से मेज़बान टीम अंतिम पांच ओवर में 53 रन जोड़ने में सफल रही। सूर्यकुमार ने हालांकि 44 गेंद पर 10 चौकों चार छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर मैच को भारत की झोली में डाल दिया। सूर्यकुमार भले ही शतक से चूक गये, लेकिन उनकी और तिलक वर्मा (49 नाबाद) की 87 रन की साझेदारी ने भारत को 13 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेब्यूटांट यशस्वी जायसवाल (एक) और शुभमन गिल (छह) के विकेट सस्ते में गंवा दिये, लेकिन सूर्यकुमार की धुआंधार बल्लेबाजी की मदद से मेहमान टीम पावरप्ले में 60 रन जोड़ने में कामयाब रही। एकदिवसीय शृंखला और शुरुआती दो टी20 मैचों में लयविहीन रहे सूर्यकुमार ने इस मैच में चौका जड़कर खाता खोला, जबकि दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिये। उपकप्तान सूर्यकुमार ने आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की नीची फुलटॉस पर चौका लगाकर 23 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। विंडीज के कप्तान पॉवेल ने रनों पर लगाम लगाने के लिये स्पिनरों को गेंद सौंपी। यह प्रयास हालांकि निरर्थक साबित हुआ और सूर्यकुमार ने अपने रंग में लौटने का अंदेशा देते हुए अकील हुसैन को कवर्स के ऊपर से चौका लगाया। एशिया, यूरोप और ओशिआनिया में शतक जड़ चुके सूर्यकुमार के पास अमेरिकी महाद्वीप में सैकड़ा जमाने का मौका था लेकिन वह अल्ज़ारी जोसेफ़ की एक फुलटॉस पर ब्रैंडन किंग को कैच दे बैठे।

## सार संक्षेप

### भारत को मिल गया नंबर-4 का बेस्ट दावेदार : आकाश

**नई दिल्ली।** भारत ने 0-2 से पिछड़ने के बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मैच सात विकेट से जीत लिया। इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा ने एक बार फिर अच्छी ब्ललेबाजी की। वनडे विश्व कप 2023 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 5 अक्टूबर से इस मेगा-इवेंट का आगाज भारत में होने जा रहा है, जिसका फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। सभी टीमें इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियों में लगी हुई है लेकिन कुछ ऐसे पहलू हैं जो भारतीय टीम के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। उनमें से ही एक है नंबर-4 बैटिंग पोजिशन। ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर इस नंबर पर खेलने वाले भारत के प्रमुख खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और केएल राहुल काफी समय से चोटिल हैं और इस वक्त वह एनसीए में रिहैब प्रोसेस से गुजर रहे हैं। उनका वर्ल्ड कप खेलना अभी तय नहीं है। इस बीच प्रज्ञान ओझा ने इस पोजिशन के लिए भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का नाम लिया जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया है और अपनी बल्लेबाजी से सब को इंप्रेस कर रहे हैं। प्रज्ञान ने ट्वीट कर लिखा, क्या वनडे में भारतीय टीम के लिए नंबर 4 की परेशानी को खत्म करने में तिलक वर्मा को शामिल करने की कोई संभावना है?

### हसरंगा थ्री इन वन है : मुश्ताक अहमद

**कोलंबो।** वानिंदु हसरंगा लंका प्रीमियर लीग 2023 में अपना ए गेम लेकर आए हैं और बेहतरीन कौशल के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टार ऑलराउंडर ने दिग्गज स्पिनर और बी-लव कैंडी के कोच मुश्ताक अहमद को भी प्रभावित किया है, जिन्होंने खुलासा किया कि श्रीलंकाई खिलाड़ी को क्रिकेट में एक विशेष वस्तु क्या बनाती है। वह लीग में बी-लव कैंडी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व भी कर रहे हैं और उन्होंने शानदार काम किया है क्योंकि टीम पांच मैचों के बाद छह अंकों के साथ इस समय तालिका में शीर्ष पर

# गिल टॉप-5 में पहुंचे, ईशान ने भी लगाई लंबी छलांग



**दुबई।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी बल्लेबाजों की नई आईसीसी वनडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज ईशान किशन नौ स्थान की छलांग लगाकर 36वें स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी ने बुधवार को ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है। भारतीय खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा मिला है।

हाल ही में वेस्टइंडीज पर भारत की 2-1 वनडे सीरीज जीत के दौरान शुभमन गिल और ईशान बल्ले से भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। इस जोड़ी ने तीन मैचों में 310 रन बनाए। बल्लेबाजों की सूची में गिल दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गये। वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी शानदार सीरीज के दम पर भारतीय बल्लेबाज 743 रेटिंग अंक तक पहुंच गया है और तीसरे स्थान पर फखर जमान (755) और चौथे स्थान पर इमाम-उल-हक (745) से पीछे है। इस लिस्ट में टॉप पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 886 अंक के साथ सबसे आगे हैं और दूसरे नंबर पर रैसी वान डेर डुसेन 777 अंक के साथ काबिज हैं।

दूसरी ओर, ईशान किशन ने 589 अंक के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अर्जित की, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने प्रयासों के बाद 10 स्थानों के सुधार के साथ 71वें स्थान पर पहुंच गए।

वनडे ऑलराउंडरों की सूची में भी पांड्या पांच पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे ज्यादा प्रभाव डाला। गेंदबाजी चार्ट में, वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में सात विकेट लेकर कुलदीप चार स्थान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए जबकि शार्दुल ठाकुर, जिन्होंने श्रृंखला में सबसे ज्यादा आठ विकेट लिए, वो तीन स्थान की छलांग लगाकर 30वें स्थान पर पहुंच गए।

# एशिया कप के लिए फहीम अशरफ, तैय्यब ताहिर की पाकिस्तान टीम में वापसी

**लाहौर।** तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर फहीम अशरफ और मध्यक्रम के बल्लेबाज तैयब ताहिर को बुधवार को एशिया कप के साथ-साथ अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे मैचों के लिए पाकिस्तान की टीम में बुधवार को शामिल किया गया, जो दोनों श्रीलंका में होंगे।

बाएं हाथ के बल्लेबाज शान मसूद, जिन्हें इस साल की शुरुआत में इस प्रारूप में उप-कप्तान बनाया गया था, और इहसानुल्लाह अप्रैल और मई में न्यूजीलैंड के साथ पांच वनडे मैचों में खेलने वाली टीम से अनुपस्थित रहे। हाल ही में नियुक्त मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक द्वारा घोषित टीम में, सऊद शकील, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बल्ले से प्रभावशाली समय बिताया था, को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैचों में शामिल किया गया है, जिन्होंने पहले प्रारूप में केवल पांच मैच खेले थे। दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद फहीम ने टीम में वापसी की और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम का संतुलन बढ़ाया। इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच जुलाई 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान था।

इस बीच, तैय्यब को अब वनडे टीम में दूसरा मौका मिला है। पाकिस्तान कप 2022-23 में शानदार प्रदर्शन के बाद जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों से पहले उनका पहला कॉल-अप आया, जिसने उन्हें इस आयोजन में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में देखा।

# हॉकी इंडिया लीग फिर शुरू करने के लिए विंडो पर हॉकी इंडिया से हुई अनौपचारिक चर्चा, बस तारीखें तय करना बाकी : तैयब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै। भारत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को फिर से शुरू करने के लिए विंडो की बाबत अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के अध्यक्ष पाकिस्तान मूल के तैयब इकराम ने माना इस बाबत उनकी हॉकी इंडिया से अनौपचारिक चर्चा हुई है। भारत में आखिरी बार एचआईएल 2017 में हुई थी। तैयब हुसैन ने इस संवाददाता के सवाल के जवाब में साफ साफ कहा कि हॉकी इंडिया लीग के लिए विंडो की बाबत अब हमें यानी एफआईएच को तारीखों को तय करना है। हालांकि इससे पहले एफआईएच अध्यक्ष तैयब हुसैन ने जब यह कहा कि उन्हें भारत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएचल) शुरू कराने की बाबत कोई अनुरोध नहीं मिला तो इस पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके बयान पर पलट कर जवाब दिया कि उनकी इस बाबत एफआईएच से अनौपचारिक चर्चा तौर पर सही बराबर हुई है और अभी चल रही है।

हॉकी इंडिया के भोला नाथ सिंह ने कहा, मैं तो भारत में आठ टीमों की एचआईएल लीग के लिए पूरी तैयारी कर चुका हूं। मैं तो भारत में इस महिला टूर्नामेंट के भी तैयार हूं और इसके लिए रांची आने के लिए तैयार रहे। रांची में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में नया हॉकी टर्फ भी लग चुका है। बहुत जल्द आप रांची में बड़ा महिला हॉकी टूर्नामेंट होते देखेंगे। भारत बदकिस्मती यदि कहीं हांगजू (चीन) में स्वर्ण पदक सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर पाता है और उसके क्वालीफायर खेलने की नौबत आती और उस इसके लिए यदि पाकिस्तान जाना पड़ता तो सरकार की ओर से इस बाबत कोई दिक्कत नहीं आएगी क्योंकि यह भारत के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अहम है। देश के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी पहले ही यह कह सके हैं कि ओलंपिक जैसे टूर्नामेंट के भारतीय टीम को पाकिस्तान ही नहीं कहीं भी जाना पड़े तो इसमें सरकार की ओर से कोई रोक टोक नहीं है।



जहां तक भारतीय क्रिकेट टीम के एशिया कप के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाने की बात है तो आप मेरे मुंह से सच सुनना चाहते हैं तो मैं इस यही कहूंगा कि क्रिकेट तो भाई क्रिकेट है। क्रिकेट की बात ही अलग है। एआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने पेनल्टी कार्नर को रोकने के लिए डिफेंडरों पर खतरा खत्म करने के लिए ड्रैग फ्लिक की रफ्तार को करने की बात इस बाबत उनकी दुनिया भर के मुल्कों के हॉकी संघों के साथ यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हाकी में शिरकत कर रही विभिन्न टीमों के कप्तान से चर्चा हुई है। तैयब ने कहा, सभी का मानना है कि पेनल्टी कॉर्नर सहित हॉकी के नियमों में किसी तरह का बदलाव हॉकी की मूल भावना और इसकी रवानी से किसी तरह के समझौता किए बिना होने चाहिए। पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक पर हमारी कोशिश यह डिफेंडर महफूज रहे इसीलिए हमने इसमें बदलााव की बाबत सोच रहे हैं। हमने इसे देश में घरेलू टूर्नामेंटों और कॉलेज आदि में फिलहाल प्रयोग के पर लागू करके देखने को कहा है। जहां तक दुनिया के हॉकी की आज लोकप्रियता में इसके नीदरलैंड के फ्लोरिस बोवलेंडर और सुहेल अब्बास जैसे नायकों के रूप में खिलाड़ियों के लोकप्रियता और आदर्श की बात है तो बेशक ये हॉकी खिलाड़ियों और इसे खेल के रूप में अपनाने वाले नौजवानों के नायक हैं लेकिन इनके अलावा भी हॉकी में अन्य बहुतेरे आदर्श है। तैयब हुसैन ने कहा, हमने गिव बैक टू फॉरेस्ट (जंगल ने जो दिया उसे लौटाओ) की दुनिया में पेड़ों को लगाने और बचाने की खास मुहिम 6 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) अध्यक्ष टॉमस बाख की मौजूदगी में शुरू की। इससे दुनिया भर में जंगल और लकड़ी बचाने में मदद मिलेगी क्योंकि पहले हॉकी भी लकड़ी से बनी हॉकी स्टिक से खेली जाती थी। जहां तक इसके हॉकी स्टिक सहित हॉकी उपकरणों के और महंगे होने की बात है तो अब एफआईएच ने दुनिया भर के मुल्कों को स्टिक सहित हॉकी उपकरण उपलब्ध कराने का जिम्मा लिया है।

■ मैं तो आठ टीमों की एचआईएच की पूरी तैयारी कर चुका हूं : भोलानाथ सिंह

■ ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिए पाक सहित कभी भी जाने पर रोक नहीं

## सुडोकू 6282 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |


| SENSEX | BSE | 65995.81 ▲ 149.31 | NSE | 19632.55 ▲ 61.70 | MCX | Gold | 59202 ▼ 46 | silver | 70067 ▼ 149 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 82.86 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 82.86 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अन्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से रुपया बढ़त में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की बिकवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये का लाभ सिमट गया। बाजार भागीदारों को अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्रिटेन के जीडीपी के आंकड़ों और रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों का इंतजार है।



## टूट गया सोना, चांदी भी हुई सस्ती



**नई दिल्ली।** अगर आप सोना-चांदी की खरीदारी करना चाहते हैं तो आपके लिए खुशखबरी है. दरअसल, सोने-चांदी की घरेलू कीमतों में बुधवार (9 अगस्त) को गिरावट देखने को मिली । भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी के ऐलानों से पहले यह गिरावट देखी जा रही है. दस ग्राम सोना सस्ता होकर 60,050 रुपये का हो गया है. एक किलो चांदी की दरों में भी गिरावट आई है और अब यह 73,600 रुपये में बिक रही है. एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है.राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 70 रुपये की गिरावट के साथ 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ. पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. चांदी की कीमत भी 400 रुपये टूटकर 73,600 रुपये प्रति किलो रही.विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,929 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी तेजी के साथ 23.84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर थी. जानकारों का कहना है कि घरेलु बाजार में मांग कमजोर होने की वजह से भी सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है।

# चावल-दाल के बाद आटे की महंगाई करेगी परेशान

## छह महीने के उच्च स्तर पर गेहूं के दाम

**नई दिल्ली।** देश में इन दिनों महंगाई की मार आम जनता पर पड़ रही है। टमाटर, जीरा, दाल के दामों की लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ रहा है। इसी बीच आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ने जा रहा है, क्योंकि अब गेहूं के दाम भी बढ़ गए है।

गेंहू के दाम बढ़ने से आटे की कीमत मं भी इजाफा हो सकता है। गेहूं की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। बीते छह महीनों में गेंहू की कीमत सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। संभावना है कि आने वाले महीनों में गेंहू की कीमत में और भी इजाफा हो सकता है। वहीं गेंहू की कीमत में हो रही बढ़ोतरी के कारण सरकार गेंहू के इंपोर्ट पर ड्यूटी को खत्म कर सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि गेहूं की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाई जा सके । आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ये कदम उठाया जा सकता है। गेहूं के दाम बढ़ने से आटे की कीमतों में भी इजाफा होने की संभावना है। वहीं गेंहू से बनने वाली अन्य चीजें भी महंगी हो



सकती है। इसमें ब्रेड, बिस्कुट से लेकर कई सामान शामिल है। बता दें कि इससे पहले जून महीने में खाद्य महंगाई काफी बढ़ गई थी जो 2.96 फीसदी से बढ़कर 4.49 फीसदी पहुंची थी। गेहूं की कीमतें ऐसे ही बढ़ती रही तो महंगाई अधिक उठ सकती है।

रिपोर्ट की मानें तो गेहूं का उत्पादन करने वाले कई राज्यों में किसानों की ओर से सप्लाई नहीं की जा रही है।

आटा मिलों को भी पर्याप्त गेहूं नहीं मिल रहा है और उनके पास पर्याप्त स्टॉक की कमी हो रही है। इस कारण देश के कई राज्यों में गेंहू की कीमतों मे उछाल देखने को मिला है। आलम ये है कि मध्यप्रदेश के इंदौर में गेहूं के दामों में 1.5 फीसदी का उछाल आया है। गेहूं की कीमत यहां 25,446 रुपये प्रति मीट्रिक टन पर पहुंच गई है। ये कीमत बीचे छह महीनों में सर्वाधिक है।

आंकड़ों के अनुसार बीते चार महीनों में गेहूं के दाम 18 प्रतिशत बढ़े है। सरकार ने गेहूं के इंपोर्ट पर लगने वाली 40 फीसदी ड्यूटी को खत्म करने के संकेत भी दिए थे। सरकार ने गेहूं उत्पादन के बाद भी चुनावों को देखते हुए इस वर्ष एक्सपोर्ट पर लगी रोक को नहीं हटाया है।

## सरकार गेहूं-चावल की ओपन मार्केट में करेगी बिक्री

गेहूं और चावल के दामों में आने वाले समय में गिरावट देखने को मिली सकती है. खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने इस बात की जानकारी दी है कि सरकार ओपन मार्केट में अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल की बिक्री करेगी.इसके जरिए सरकार अपने गोदामों में मौजूद गेहूं और चावल को बेचने जा रही है.

**सरकारी गोदामों में भरपूर है गेहूं का स्टॉक**

एक अगस्त को सरकार के गोदामों में 28.3 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं का स्टॉक था जो एक साल पहले 26.6 मिलियन मीट्रिक टन हुआ करता था. ट्रेडर्स का मानना था कि सरकार को अपने स्टॉक से ओपेन मार्केट में गेहूं बेचना चाहिए जिससे त्योहारी सीजन में सप्लाई बनी रहे और इसकी कमी को टाला जा सके. आज लिया गया फैसला इसी को ध्यान में रखकर लिया गया है- ये कहा जा सकता है.

**देश में महंगाई का असर चारों ओर- सरकार कर रही घटाने की कोशिश**

देश में लगातार खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और इसके मद्देनजर सरकार के सामने मांग की जा रही थी कि इस दिशा में कोई ठोस कदम लिए जाएं. सरकार ने हाल ही में चावल के इंपोर्ट पर बैन लगाने का फैसला लिया था जिसके जरिए देश में चावल की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाई जा सके और इस कदम के जरिए देश में चावल की सप्लाई की कमी ना होने देने की कोशिश की गई.

**महंगाई बड़ा मुद्दा बनने की आशंका**

साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और इसी साल कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार को महंगाई के मुद्दे से निपटना और जरूरी हो चला था. टमाटर के दामों की आग उगलती महंगाई के चलते माना जा रहा है कि जनता पर इसका असर देखने को मिल सकता है. इस मुद्दे को भी साधने के लिए सरकार ने सस्ती दरों पर टमाटर की बिक्री शुरू करवाई थी.

# सेंसेक्स 150 अंक चढ़कर 66 हजार के करीब बंद, निफ्टी में भी दिखी हरियाली



***मुंबई।*** *सेंसेक्स इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में कारोबार के अंतिम समय में खरीदारी से बाजार को समर्थन मिला। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 66 हजार अंक के करीब पहुंच कर बंद हुआ। सेंसेक्स के साथ निफ्टी में भी हरियाली देखी गई और यह 65 अंक चढ़कर बंद हुआ।*

यूरोपीय बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में कारोबार के अंतिम समय में खरीदारी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 149.31 अंक 0.23 प्रतिशत बढ़कर 65,995.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 66 हजार का स्तर लाघंते हुए 66,066.01 अंक पर और नीचे में 65,444.38 तक खिसक गया था। इससे पहले मंगलवार के कारोबार में सेंसेक्स मामूली गिरावट लेकर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 65.55 अंक या 0.33 प्रतिशत की वृद्धि लेकर 19,636.40 अंक पर बंद हुआ। टॉप गेनर्स-सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 17 के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि शेष 13 के स्टॉक्स में गिरावट देखी गई। वहीं, टाटा स्टील का शेयर सबसे ज्यादा 2.65 प्रतिशत उछलकर 822.25 पर बंद हुआ। साथ ही टाटा मोटर्स, महिंद्र एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, आईटीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एल एंड टी समेत विप्रो और एसबीआई के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। टॉप लूजर्स-दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे ज्यादा 0.87 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। साथ ही आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, भारतीय एयरटेल और मारुति का शेयर गिरावट में रहा।

**वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख**

एशियाई बाजारों में टोक्यो और शंघाई गिरावट में बंद हुए जबकि दक्षिण का कोरिया का सियोल और हांगकांग हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय बाज़ार पॉजिटिव रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। स्टॉक एक्सचेंज के डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को बाजार में 711.34 करोड़ रुपये के मुख्य के शेयरों की बिक्री की।

# अब घटने लगे टमाटर के भाव, आगे और सस्ता होगा!

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस महीने की शुरुआत में टमाटर के थोक भाव 200 रुपये किलो पार कर गए थे, जो अब घटकर 80 से 120 रुपये किलो पर आ चुके हैं। उपभोक्ताओं को अब टमाटर की महंगाई से राहत मिलने लगी है। मंडियों में इस महीने टमाटर की कीमतों में काफी गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर टमाटर के खुदरा भाव पर भी दिख रहा है। कारोबारियों की मानें तो अगले 10 से 15 दिन में टमाटर के भाव तेजी से गिर सकते हैं। ऐसे में महंगाई के कारण थाली से गायब टमाटर की वापसी हो सकती है।

**मंडियों में तेजी से गिर रहे हैं टमाटर के थोक भाव**- आपूर्ति सुधरने से मंडियों में टमाटर के भाव घटने लगे हैं। दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस महीने की शुरुआत में टमाटर के थोक भाव 200 रुपये किलो पार कर गए थे, जो अब घटकर 80 से 120 रुपये किलो पर आ चुके हैं। महाराष्ट्र के मुख्य टमाटर उत्पादक इलाके की नारायणगांव मंडी में टमाटर की मॉडल कीमत 90 रुपये से घटकर 80 रुपये किलो, कर्नाटक की अहम मंडी कोलार में यह कीमत 93 रुपये से घटकर 67 रुपये किलो रह गई है। आजादपुर मंडी के टमाटर कारोबारी अशोक कौशिक ने बताया कि अब मंडी में टमाटर की आपूर्ति सुधरने



लगी है। पिछले महीने के अंतिम सप्ताह में टमाटर की आवक घटकर 8 से 10 गाड़ी रह गई थी। लेकिन इसके बाद इस महीने की शुरुआत से टमाटर की आवक धीरे धीरे सुधरने लगी और आज मंडी में छोटी बड़ी मिलाकर 25 गाड़ी टमाटर की आवक हुई। आवक बढ़ने के साथ ही टमाटर के थोक भाव गिरने लगे हैं। भारतीय सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष श्रीराम गाढ़वे ने कहा कि अब बारिश भी कम हो रही है। ऐसे में ज्यादातर टमाटर इलाकों में इसकी आपूर्ति पहले से बेहतर हुई है। इससे इसकी कीमतों में गिरावट आई है।

**खुदरा बाजार में भी सस्ता हुआ टमाटर**- केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार यानी 6 अगस्त को देश भर में टमाटर की औसत खुदरा कीमत 140.80 रुपये किलो दर्ज की गई, जो अब तक की सबसे अधिक खुदरा औसत कीमत थी। आज टमाटर की औसत खुदरा कीमत घटकर 131.69 रुपये किलो रह गई। जाहिर है खुदरा बाजार में बीते 3 दिन में टमाटर करीब 10 रुपये किलो सस्ता हुआ है। इस दौरान दिल्ली में टमाटर की औसत खुदरा कीमत 207 रुपये से घटकर 160 रुपये, लखनऊ में यह कीमत 193 रुपये से घटकर 142 रुपये, शिमला में 178 रुपये से घटकर 157 रुपये प्रति किलो रह गई है।

**आगे और सस्ता हो सकता है टमाटर**- महाराष्ट्र, कर्नाटक के साथ ही मध्य प्रदेश से टमाटर की नई फसल की आवक बढ़ने की संभावना है। जिससे टमाटर की कीमतों में और गिरावट आ सकती है। कौशिक ने कहा कि आने वाले दिनों में मंडी में टमाटर के दाम तेजी से गिरने लगेंगे क्योंकि महाराष्ट्र के नासिक और कर्नाटक के बेंगलुरु से आवक बढ़ने की संभावना है। जिससे मंडी में 15 अगस्त के बाद टमाटर के थोक भाव गिरकर 60 रुपये किलो तक आ सकते हैं। गाढवे भी मानते हैं कि आवक बढ़ने पर आगे टमाटर और सस्ता हो सकता है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 71550
चांदी रिफाइन -72850

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 71550
चांदी रिफाइन -72850


# मंडियों में बढ़ने लगे प्याज के भाव, खुदरा भाव में भी आ सकती है तेजी

**नई दिल्ली।** प्याज भी उपभोक्ताओं के आंसू निकालने को तैयार है। मंडियों में इसके भाव बढ़ने लगे हैं। हालांकि अभी खुदरा कीमतों में खास बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन आगे इसकी कीमतों में भी तेजी आ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक महीने में प्याज के खुदरा भाव बढ़कर दोगुने होने की संभावना जताई है।

**मंडियों में प्याज के भाव 500 रुपये क्विंटल तक बढ़े**

इस माह प्याज की प्रमुख मंडियों में इसके थोक भाव में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस महीने प्रमुख प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र की अहम मंडी लासलगांव में प्याज की मॉडल कीमत इस कीमत पर ज्यादातर बिक्री होती है 1,370 रुपये से बढ़कर 1,700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। कर्नाटक की बेंगलुरु मंडी में स्थानीय प्याज के मॉडल भाव 1,200 रुपये से बढ़कर 1,700 रुपये क्विंटल, जबकि दिल्ली की आजादपुर में प्याज की मॉडल कीमत 1,450 रुपये से बढ़कर 1,850 रुपये प्रति क्विंटल हो चुकी है। भारतीय सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष श्रीराम गाढवे ने कहा कि बारिश के कारण भंडार गृहों में रखी प्याज अब खराब होने लगी है। इससे बीते कुछ दिनों में प्याज के भाव 300 से 400 रुपये क्विंटल बढ़े हैं। आजादपुर मंडी के प्याज कारोबारी पीएम शर्मा कहते हैं कि टमाटर समेत अन्य सब्जियों के दाम बढ़ने के बीच प्याज खराब होने लगा है। ऐसे में प्याज के भाव चढ़ना भी स्वाभाविक है। हालांकि अभी टमाटर की तरह प्याज में बहुत ज्यादा तेजी नहीं आई है।



**आगे मंडियों में भी और महंगी हो सकती है प्याज**

आगे मंडियों में इसके दाम और तेजी से बढ़ सकते हैं। गाढवे कहते हैं कि प्याज खराब हो रहा है ऐसे में कुछ दिन किसान इसे तेजी से निकालेंगे। यह प्याज निकलने के बाद बाजार में अच्छी गुणवत्ता की प्याज की कमी हो सकती है। इसके अलावा खरीफ सीजन वाली प्याज को बारिश से नुकसान हुआ है और इसकी आवक में 10 से 15 दिन की देरी हो सकती है।

ऐसे में इस माह के आखिर से प्याज के दाम तेजी से बढ़ने लगेंगे और भाव 25 रुपये किलो पार कर सकते हैं। अभी ये भाव 15 से 18 रुपये किलो हैं। प्याज के खुदरा भाव में अभी हल्की तेजी, आगे ज्यादा तेजी के आसार उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक इस समय देश भर में प्याज की औसत खुदरा कीमत 27.77 रुपये किलो है, जबकि इस माह की पहली तारीख को यह कीमत 27.27 रुपये किलो थी। इस तरह इस माह प्याज की औसत खुदरा कीमत में महज 1.83 फीसदी इजाफा हुआ है। अभी प्याज के खुदरा भाव भले ही ज्यादा न बढे हों, लेकिन आगे इसकी कीमतों में भारी तेजी आ सकती है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने महीने भर में प्याज के खुदरा भाव दोगुने बढ़कर 60 से 70 रुपये किलो होने की संभावना व्यक्त की है। कारोबारी और किसानों के मुताबिक आने वाले दिनों में थोक भाव तेजी से बढ़ सकते हैं। इससे भी खुदरा बाजार में प्याज महंगी होने की संभावना है।

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.81 |
| एक यूरो | 90.96 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105.55 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.13 |
| एक जापानी येन | 00.57 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# 8 लाख हेक्टेयर बढ़ गया सोयाबीन का रकबा



**नई दिल्ली।** सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ताओं के एक प्रमुख संगठन ने अनुमान जताया है कि मौजूदा खरीफ सत्र के दौरान देश में सोयाबीन का रकबा करीब आठ लाख हेक्टेयर के इजाफे के साथ 122.39 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है. इंदौर स्थित सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने सोयाबीन की बुआई का आंकड़ा 8 अगस्त तक की स्थिति के आधार पर साझा किया है.

**अच्छी पैदावार की उम्मीद: सोपा**- सोपा के मुताबिक देश के सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादक मध्य प्रदेश में 53.13 लाख हेक्टेयर में इसकी बुआई हुई है. संगठन के मुताबिक महाराष्ट्र में 48.55 लाख हेक्टेयर, राजस्थान में 11.43 लाख हेक्टेयर, कर्नाटक में 3.92 लाख हेक्टेयर, गुजरात में 2.63 लाख हेक्टेयर, तेलंगाना में 1.72 लाख हेक्टेयर, छत्तीसगढ़ में 34,000 हेक्टेयर और अन्य राज्यों में 67,000 हेक्टेयर में सोयाबीन की खेती हुई है. सोपा के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक ने बताया है कि देश में कुल मिलाकर सोयाबीन की फसल की स्थिति फिलहाल ठीक है और हम इसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं.

**पिछले साल कुल 114.50 लाख हेक्टेयर में हुई थी खेती**- सोपा के आंकड़ों के मुताबिक 2022 के खरीफ सत्र के दौरान देशभर में कुल 114.50 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन बोया गया था और इस तिलहन फसल की पैदावार 124 लाख टन के आस-पास रही थी. केंद्र सरकार ने विपणन सत्र 2023-24 के लिए सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पिछले सत्र के 4,300 रुपए प्रति क्विंटल से 300 रुपए बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है.

## भारत का कोयला आयात पहली तिमाही में 1.82 प्रतिशत घटकर 6.83 करोड़ टन हुआ

देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1.82 प्रतिशत घटकर 6.83 करोड़ टन पर आ गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.95 करोड़ टन से अधिक रहा था। 'एमजंक्शन' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 4.29 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 4.74 करोड़ टन था। हालांकि, कोकिंग कोयले का आयात 1.58 करोड़ टन से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1.46 करोड़ टन था। जून, 2023 के महीने में कोयला आयात 25.24 प्रतिशत घटकर 2.10 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष के समान महीने में 2.81 करोड़ टन था। 'एमजंक्शन' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि मानसून की शुरुआत में आयात की मांग में गिरावट आई।

# एचडीएफसी बैंक ने 'पुरानी गाड़ी, नई शुरुआत' पहल शुरू की

## 50,000 ट्रांसपोर्टरों, कॉन्ट्रेक्टर्स और मध्यस्थों तक पहुंचने का लक्ष्य

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने अपना एक नया देशव्यापी अभियान 'पुरानी गाड़ी, नई शुरुआत' शुरू किया है। यह एक सप्ताह का अभियान 7 अगस्त, 2023 को शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य प्रयुक्त वाहनों (यूज्ड व्हीकल्स) और प्रयुक्त वाणिज्यिक निर्माण उपकरणों की खरीद के लिए ट्रांसपोटर्स और कॉन्ट्रेक्टर्स को अग्रिम ऋण राशि प्रदान करना है।

इस पहल के एक हिस्से के रूप में, एचडीएफसी बैंक देशभर में, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, लगभग 50,000 ट्रांसपोर्टरों, कॉन्ट्रेक्टर्स और मध्यस्थों तक पहुंचने की योजना बना रहा है। यह अभियान बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई, जयपुर, चेन्नई, प्रयागराज, हैदराबाद, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, वड़ोदरा, कोच्चि, जोधपुर, पुणे, लुधियाना और करनाल की शाखाओं सहित पूरे भारत में चलाया जा रहा है।

इस सप्ताह के दौरान, एचडीएफसी बैंक प्रमुख ट्रांसपोर्टेशन सेंटर्स पर कई बड़े और छोटे आकार के कार्यक्रम भी आयोजित करेगा और इसके साथ, बैंक का लक्ष्य यूज्ड, कमर्शियल व्हीकल फाइनेंसिंग सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है।

राहुल एस शुक्ला,ग्रुप हेड, कमर्शियल एंड रूरल बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि ''हम इस पहल से उत्साहित हैं, जहां बैंक अधिकारी दूरदराज के स्थानों में ग्राहकों तक पहुंचेंगे। इससे हजारों ड्राइवरों को ट्रकों का मालिक बनने में मदद मिलेगी। राजिंदर कुमार बब्बर, ग्रुप हेड, ट्रांसपोर्टेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ग्रुप, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि ''इससे बैंक को इस सेगमेंट में नए ग्राहक जोड़ने और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस सेगमेंट में अधिकांश फंडिंग प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत योग्य है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## तीन महीने में मिले ₹ 3 हजार
## बढ़कर मिलेंगे हर महीने ₹ 3 हजार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



श्रीमती जागृति चौरे श्रीमती किरण पटेल

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भेजेंगे 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को तीसरी किस्त के ₹1209 करोड़

लाड़ली बहनों को हर महीने मिल रहे ₹1000

10 अगस्त 2023 | दोपहर 1:00 बजे, रीवा

पिछले दो महीने में बहनों को मिले ₹2419 करोड़ से अधिक



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11078/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023